भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

12 फरवरी - 18 फरवरी, 2025

jagrukjanta.net

माघ, पक्ष - शुक्ल, तिथि - पूर्णिमा, संवत 2081 पृष्ठ : 8+4 जयपुर, बुधवार वर्ष-10, अंक-50, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## कम्प्यूटर शिक्षा एवं स्कॉलरशिप के नाम पर बच्चों के साथ लूट का खेल!

**सटीक**



**शिव दयाल मिश्रा**
@jagrukjanta.net

**लूट-खसोट** का खेल इस दुनिया में पता नहीं कब से चला आ रहा है। मगर चला आ रहा है। इसको रोकने के भी खूब प्रयत्न किए जाते हैं मगर यह लूट रुकने का नाम ही नहीं लेती। आगे से आगे नए-नए तरीकों से लूट जारी है। पहले डकैत डाका डालकर घर में रखे नगदी और जेवरों को लूट कर ले जाते थे। घर में चोरी होने के डर के चलते लोग बैंकों में पैसा रखने लगे। तो अब बैंकों में भी डकैती होने लगी। और वो डकैती भी दिन दहाड़े। कहीं एटीएम को तोड़ कर तो कहीं बैंक अकाउंट में सीधे डाका डालकर। पुलिस भी इन लुटेरों को ढूंढ़ने में घनचक्कर होकर घूमती ही रहती है। कभी कोई लुटेरा मिल भी जाता है। कभी नहीं। फाइल बंद। कहीं परीक्षाओं के नाम पर तो कहीं भर्ती होने के नाम पर तो कहीं डायरेक्ट नौकरी दिलाने के नाम पर। तो कहीं अधिक ब्याज देने के नाम पर। मगर लूट का ये खेल बदस्तूर चल रहा है। तरह-तरह की लूट के खुलासे हो रहे हैं। मगर लोग-बाग नई उम्मीदों के सहारे इन लुटेरों के मकड़जाल में फंसते रहते हैं और सिर पीटते रहते हैं। अब देखो कम्प्यूटर शिक्षा व स्कॉलरशिप के नाम पर छात्रों को लूटा जा रहा है। यूं तो ये लूट दसियों बरस से चल रही है, मगर इन दिनों कुछ ज्यादा ही चल पड़ी है, मगर ये लूट लोगों को समझ में ही नहीं आ रही है। और लुटे चले जा रहे हैं। कई लोग फर्जी संस्थाएं खोलकर अखबारों और सोशल मीडिया पर प्रचारित करते हैं कि बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा दी जाएगी, साथ ही उसमें स्कॉलरशिप भी दी जा रही है। मगर इसके लिए उन्हें एक परीक्षा पास करनी पड़ेगी। परीक्षा की तारीख बाद में बता दी जाएगी। परीक्षा के नाम पर हजार-दो हजार शुल्क रख दिया जाता है और जब परीक्षार्थी बच्चों के हजार-दो हजार फॉर्म आ जाते हैं तो तारीख घोषित कर झूठ-मूठ परीक्षा आयोजित कर दो हजार बच्चों में से कुछ बच्चों को उत्तीर्ण घोषित कर दिया जाता है। उत्तीर्ण बच्चों को छात्रवृत्ति के नाम पर 2-5 हजार रुपए दे दिए जाते हैं। अब अंदाजा लगाइये कि अगर 2 हजार बच्चों ने फॉर्म भर दिए और दो हजार रुपए जमा करा दिए। 40 लाख रुपए इकट्ठे हो गए। अब इनमें से अगर 5-7 लाख रुपए भी स्कॉलरशिप के नाम पर बांट दिए तो सीधे-सीधे 30-35 लाख रुपए की इनकम हो गई। इसके अलावा छात्र पढ़ने को मिल गए जिनकी फीस अलग से। तो इस लूट को क्या कहेंगे। लूट का खेल।

shivdayalmishra@gmail.com

### पीएम मोदी ने AI समिट में कहा...

# AI से नहीं जाएगी नौकरी



## Deepfake का दुनिया करें मुकाबला

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित AI Summit 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंच से डीपफेक, AI के चलते लोगों में नौकरी जाने का डर समेत कई ऐसे मुद्दों पर बात की, जिनसे सिर्फ भारत ही हीं बल्कि पूरी दुनिया परेशान है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने AI की स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि समेत कई सेक्टर्स में उपयोगिता और इस पर निर्भरता पर विस्तार से बात की।

### AI बना रहा है आसान और तेज दुनिया

**आर्टिफिशिएल** इंटेलिजेंस एक्शन समिट 2025 में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि AI से स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सुधार लाया जा सकता है और लाखों लोगों के जीवन को बदला जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया से AI के लिए संसाधनों और प्रतिभा को एक साथ लाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि AI पहले से ही हमारी राजनीति, हमारी अर्थव्यवस्था, हमारी सुरक्षा और यहां तक कि हमारे समाज को नया आकार दे रहा है। AI इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है। लेकिन, यह मानव इतिहास में अन्य प्रौद्योगिकी मील के पत्थरों से बहुत अलग है।

### एआई के लिए के लिए वैश्विक प्रयास जरूरी

**एआई** के लिए के लिए वैश्विक प्रयास जरूरी है। AI दूसरी तकनीक से अलग है। AI लोगों का जीवन बदल देगा. समाज और सुरक्षा के लिए AI बेहद मददगार है। हमें ओपन सोर्स सिस्टम विकसित करना चाहिए जो विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ाए। हमें पक्षपात रहित गुणवत्तापूर्ण डेटा सेंटर बनाने चाहिए, हमें प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण करना चाहिए और लोगों को केन्द्रित करने वाले एप्लिकेशन बनाने चाहिए। हमें साइबर सुरक्षा, गलत सूचना और डीपफेक से संबंधित चिंताओं को दूर करना चाहिए। हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रौद्योगिकी प्रभावी और उपयोगी होने के लिए स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र में निहित हो।

### Deep Fake की चिंताओं से दूर रहें-मोदी

**मोदी** ने पूरी दुनिया को संबोधित करते हुए कहा कि सभी देशों को मिलकर प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण करना चाहिए और लोगों पर केंद्रित एप्लीकेशन बनाने चाहिए। सभी को साइबर सुरक्षा, गलत सूचना और डीपफेक की चिंताओं से दूर रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने AI के चलते लोगो में नौकरी जाने के डर की भी बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों में AI की वजह से नौकरी जाने का एक सबसे बड़ा डर बैठ गया है। नौकरियों का नुकसान AI की सबसे खतरनाक रुकावट है। लेकिन हमें इतिहास में दिखाया गया है कि प्रौद्योगिकी के चलते नौकरी कभी खत्म नहीं हुई हैं। क्योंकि इससे सिर्फ काम करने की प्रकृति बदल है और नई तरह की नौकरियां पैदा हो जाती हैं। इसके लिए सभी देश AI संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को कुशल बनाने के लिए निवेश करें।






जागरूक जनता ऑन लाइन पढ़ने के लिए स्कैन करें
ई-पेपर व अन्य खबरें देखें
jagrukjanta.net

# राजस्थान सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए देगी 200 करोड़ रू की सब्सिडी

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** प्रदेश मे इलेक्ट्रिक वाहनों को बढावा देने हेतु इलेक्ट्रिक वाहन नीति के अन्तर्गत 200 करोड़ रू का ई-व्हीकल प्रमोशन फंड गठित किया गया है। राज्य सरकार की ''इलेक्ट्रिक वाहन नीति-2022'' के अन्तर्गत फेम-2 के दिशा निर्देशों के अनुरूप आधुनिक बैटरी युक्त इलैक्ट्रिक वाहनों के क्रेताओं को स्टेट जीएसटी राशि का पुनर्भरण एवं एकमुश्त अनुदान ई-व्हीकल प्रमोशन फंड में से दिये जाने का प्रावधान किया गया है। पुनर्भरण एवं एकमुश्त अनुदान राशि 01.09.2022 से क्रय किए गए एवं राज्य में पंजीकृत किये गये वाहनो पर देय होगा। वाहन का क्रय राजस्थान राज्य से ही किया जाना आवश्यक है।

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग के संयुक्त परिवहन आयुक्त जगदीश प्रसाद बैरवा ने बताया कि अनुदान हेतु सर्वप्रथम पॉलिसी के अन्तर्गत फेम-2 में पंजीकृत वाहन विनिर्माता को विभागीय पोर्टल पर रजिस्ट्रशन करवाना आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन के बाद विभाग द्वारा सत्यापन किये जाने के पश्चात् निर्माता द्वारा पुनः पोर्टल पर फेम-2 के दिशा निर्देशों के अनुरूप आधुनिक बैटरी (Advanced Batteries like Lithum-ions) युक्त वाहन का मॉडल, बैटरी का प्रकार व बैटरी क्षमता की सूचना दर्ज की जानी है। पोर्टल पर उपरोक्तानुसार कार्यवाही के पश्चात् विभाग द्वारा वाहन का माडल, बैटरी का प्रकार व बैटरी क्षमता इत्यादि का सत्यापन किया जाकर वाहन क्रेताओं को पुनर्भरण एवं अनुदान राशि के क्लेम हेतु आवेदन के लिए वाहन पोर्टल पर अनुमत किया जाएगा।

वाहन स्वामी द्वारा अपने वाहन के पंजीयन क्रमाक एवं चेसिस नंबर के अंतिम 5 अंक पोर्टल पर दर्ज होंगे। फिर आवेदक के मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से ओटीपी भेजा जाएगा। वाहन स्वामी अपने बैंक खाते का विवरण को बैंक के दस्तावेज़ जैसे पासबुक फ्रंट पेज/रद्द किए गए चेक के साथ अपलोड करेगा, फिर आवेदन सबमिट करेगा। अनुदान राशि का सीधे ही वाहन स्वामी के खाते में हस्तांतरण कर दिया जायेगा।

प्रोत्साहन के लिए इलैक्ट्रिक वाहनों की संख्या प्रत्येक श्रेणी के लिए दी गई सीमा के अनुसार होगी। अतः संबंधित वाहन विनिर्माता, वाहन डीलर्स व वाहन क्रेता अनुदान राशि प्राप्त करने के लिए यथा शीघ्र पोर्टल आवेदन किया जाना सुनिश्चित करें।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के द्रव्यगुण विभाग की औषधीय पादपों पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, मानद विश्वविद्यालय, जयपुर के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में द्रव्यगुण विभाग द्वारा आयुर्वेद में औषधीय पादपो के सतत् उत्पादन और उपयोग पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में औषधीय पादप संरक्षण, संवर्धन व सतत विकास के संदर्भ में विशेषज्ञों द्वारा विचार व्यक्त किये गये। प्रोफेसर महेश चंद्र शर्मा (पूर्व निदेशक एनआईए) ने औषधीय पादपों के उत्पादन के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। प्रोफेसर मीता कोटेचा (पूर्व प्रो वाइस चांसलर एनआईए) ने उपयोगिता क्षेत्र में कई प्रकार की चुनोतियों पर चर्चा की। प्रोफेसर महेश दाधीच (मुख्य कार्यकारी अधिकारी राष्ट्रीय औषधीय पादप मंडल नई दिल्ली) ने औषधीय पौधों की आपूर्ति और माँग की जानकारी दी। प्रोफेसर आर.एन.आचार्य (महानिदेशक केंद्रिय आयुर्वेद चिकित्सा अनुसंधान परिषद नई दिल्ली) ने आयुर्वेद में औषधीय पौधों के उपयोग पर जानकारी दी। कार्यशाला में द्रव्यगुण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुदीप्त रथ, शिक्षक, चिकित्सक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## पूर्व जज केपी सक्सेना का गाया भजन राम मेरे...हो रहा लोकप्रिय

**जयपुर @ जागरूक जनता।** शहर के सुरीले सिंगर केपी सक्सेना(पूर्व जज) का नया एलबम राम मेरे रिलीज हुआ। राम मेरे...भजन मुंबई के लता



मंगेशकर स्टूडियो में रिकॉर्ड किया गया। लिरिसिस्ट मीना सक्सेना लिखित इस भजन को मशहूर संगीतकार विक्रांत माथुर ने अपने कर्णप्रिय संगीत से संवारा है। सिंगर केपी सक्सेना की सुरीली आवाज में पिरोया यह भजन देश-दुनिया के तमाम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर लोकप्रिय हो रहा है। केपी सक्सेना म्यूजिक की ओर से रिलीज इस भजन को सुनकर हर श्रोता भाव विभोर हो जाता है। गौरतलब है कि सिंगर केपी सक्सेना जिला जज के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। बचपन से ही संगीत में रुचि रखने वाले सक्सेना ने क्लासिकल संगीत की तालीम भी ली है। उनके तकरीबन 50 ऑडियो और वीडियो एलबम प्रतिष्ठित कंपनी टी-सीरीज ने रिलीज किए हैं। गायक सक्सेना और मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर अनुराधा पौडवाल के साथ गया भजन मेरे राम काफी पसंद किया गया था। संगीत में योगदान के करण सक्सेना को मुंबई की प्रसिद्ध संस्थाएं आईपीआरएस एवं इसरा ने सदस्यता प्रदान की है।

## अंतर्राष्ट्रीय युवक युवती परिचय सम्मेलन फॉर्म भरने की अंतिम 15 फरवरी तक बढाई

**जयपुर @ जागरूक जनता।** गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान युवा प्रदेश अध्यक्ष पंकज पचलंगिया ने बताया कि महासभा के द्वारा 18वां अंतरराष्ट्रीय युवक युवती परिचय सम्मेलन दिनांक 9 मार्च को भगवान परशुराम भवन सेक्टर 4 विद्याधर नगर जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। प्रमुख महामंत्री रामस्वरूप जोशी ने बताया अब तक समाज के 50 हजार से अधिक परिवारों को इसका लाभ प्राप्त हो चुका है। पचलंगिया ने बताया बायोडाटा को परिचय सम्मेलन की पुस्तिका युगल दर्पण में प्रकाशित किया जाता है फॉर्म भरने की अंतिम तिथि दिनांक 15 फरवरी 2025 तक बढाई गई है। जयपुर में कार्यक्रम स्थलपरशुराम भवन विद्याधर नगर सेक्टर 4 में जमा किए जा रहे हैं।

## जागरूक खबरें

### रीट परीक्षा में बायोमैट्रिक अनिवार्य, फोटो का मिलान होगा, होगी वीडियोग्राफी

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से REET का आयोजन 27 और 28 फरवरी को तीन पारियों में होगा। डमी अभ्यर्थियों पर अंकुश लगाने के लिए इस बार कड़े नियम किए गए हैं। दरअसल परीक्षार्थियों की फेस रिकग्निशन की जाएगी। इसके साथ ही अंगूठे की निशानी भी ली जाएगी। रीट परीक्षा के लिए बायोमैट्रिक अनिवार्य होगा। सुरक्षा के लिए प्रति सेंटर दो पुरूष एवं दो महिला पुलिसकर्मियों की नियुक्ति की जानी है। परीक्षा से जुड़ी हर गतिविधि की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। यह रिकॉर्डिंग सुरक्षित रखनी होगी। ताकि किसी भी तरह की कोई गड़बड़ी सामने आने पर इससे उसकी पुष्टि की जा सकें। रीट परीक्षा को लेकर प्रदेश में करीब पांच हजार केन्द्र बनाए गए हैं। आपको बता दें कि रीट परीक्षा में 14 लाख, 29 हजार 822 कैंडिडेट्स ने आवेदन किया है। पहली पारी की परीक्षा सुबह 10 से 12.30 बजे तक और दूसरे पारी की परीक्षा दोपहर 3 से शाम 5.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। पहली पारी के लिए कुल 4 लाख 61 हजार 321 परीक्षार्थी पंजीकृत किए गए हैं, इसमें इसमें दोनों श्रेणी के अभ्यर्थी भी शामिल हैं। वहीं दूसरी पारी में 5 लाख 41 हजार परीक्षार्थी बैठेंगे। 28 फरवरी को होने वाली एल-2 परीक्षा में शेष रहे अभ्यर्थी बैठेंगे।

### चारधाम यात्रा 2025 की शुरुआत 30 अप्रैल से होगी

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** जब गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलेंगे, तब चारधम यात्रा की शुरूआत होगी। बद्रीनाथ धाम के कपाट 4 मई को खुलेंगे, जबकि केदारनाथ धाम की तिथि महाशिवरात्रि पर घोषित होगी। इस साल 60% ऑनलाइन और 40% ऑफलाइन पंजीकरण होंगे. यात्रा मार्ग पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

## बिड़ला ऑडिटोरियम में 2 मार्च को काव्य कुंभ, काव्य रसों का होगा महासंगम

**पद्मश्री सुरेन्द्र शर्मा, शंभू शिखर, कवयित्री गौरी मिश्रा, केसरदेव मारवाड़ी, अमित शर्मा और राजेश अग्रवाल शहर को गुदगुदाएंगे**

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** काव्यम् के सीजन-3 काव्य कुंभ में हास्य-व्यंग्य, श्रृंगार और वीर रस की रचनाओं का महासंगम होगा, जहां दानिशमंद श्रोता डुबकी लगाएंगे। साहित्य, कला-संस्कृति की काव्यम् संस्था के प्रणेता राजेश शर्मा ने बताया कि कवि सम्मेलन का मकसद रोजमर्रा की जिन्दगी में खुशनुमा रंग भरना है ताकि लोग कुछ लम्हें खुशियों के समुंदर में आकंठ डूब जाएं। यह राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आगामी 2 मार्च को शाम 6:15 बजे यहां स्टेच्यू सर्किल स्थित बिड़ला ऑडिटोरियम में होगा। साढ़े तीन घंटे तक चलने वाले कवि सम्मेलन में देश के नामी कवि-कवयित्री अपनी रचनाओं से जयपुर को गुदगुदाएंगे। राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में दिल्ली के हास्य के मशहूर कवि पद्मश्री सुरेन्द्र शर्मा, बिहार के हास्य कवि शंभू शिखर, नैनीताल की श्रृंगार रस की कवयित्री गौरी मिश्रा, हास्य कवि केसरदेव मारवाड़ी, ग्रेटर नोएडा के वीर रस के कवि अमित शर्मा और दिल्ली के हास्य-व्यंग्य के कवि राजेश अग्रवाल अपनी रचनाओं से जयपुर की आबोहवा में काव्य-रस घोलेंगे।

**महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज**

## कैंसर वैक्सीन बनाने की मिली अनुमति

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज को कैंसर वैक्सीन बनाने की अनुमति मिली है। कैंसर की वैक्सीन बनाने पर रिसर्च करके उसके पहले फेज का ट्रायल किया जाएगा। यूनिवर्सिटी में डॉ. अनिल सूरी के निर्देशन में शुरू हुई चौथी वर्ल्ड कांग्स ऑन रे ट्रांसलेशनल ट्रां कैंसर रिसर्च एंड इम्यूनोथेरेपी कॉन्फ्स रें में डॉ एम एल स्वर्णकार ने बताया कि कॉलेज को ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीजीसीआई) ने डेंड्रिटिक सेल वैक्सीन बनाने के लिए यह मंजूरी दी है। महात्मा गांधी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी के श्रीराम कैंसर सेंटर के डायरेक्टर और सीनियर कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमंत मल्होत्रा ने बताया कि डेंड्रिटिक सेल वैक्सीन गॉल ब्लेडर, हैड एंड नेक, ओवेरियन कैंसर के इलाज में उपयोग होगी। कॉन्फ्स रें में 14 राज्यों के 22 प्रतिष्ठित संस्थानों के कैंसर रिसर्चर और 9 विदेशी वक्ताओं ने हिस्सा लिया। डॉक्टर मल्होत्रा ने दावा किया कि हमारा कॉलेज देश में पहला मेडिकल कॉलेज है, जहां कैंसर वैक्सीन बनाने की अनुमति मिली है। कुछ वायरसभी ऐसे है, जो कैंसर फैला रहे हैं। इसमें ह्मन पैयू पिलोमावायरस, जिससे सर्वाइकल कैंसर होता है और हेपेटाइटिस ए और बी है। इससे लिवर कैंसर होता है। बचाव के तौर पर हेपेटाइटिस और बच्चियों को एचपीवी वैक्सीन जरूर लगवानी चाहिए।

## वासु कुंज वेलफेयर्स के रक्तदान शिविर में जुटे 65 यूनिट रक्त

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net




**जयपुर।** वासु कुंज वेलफेयर्स द्वारा रोज पब्लिक स्कूल, मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में समाज के कई लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, और कुल 65 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में सहायक होगा।

इस आयोजन में रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक सी.एल. रोज का विशेष योगदान रहा, शिविर के सफल संचालन में वासु कुंज वेलफेयर्स के अध्यक्ष सविता अग्रवाल ,उपाध्यक्ष पवन अग्रवाल और सचिव पंकज अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। इसके अलावा प्रदीप अग्रवाल, इशू अग्रवाल, धन्वंतरि शर्मा, जिनेन्द्र सेठिया, गौरव जांगिड, अनिल शर्मा, नरेंद्र मोहनका, अभिषेक अग्रवाल, निखिल गोयल सहित कई समाजसेवियों ने इस नेक कार्य में पूरा सहयोग दिया। रक्तदान करने वाले सभी दाताओं को प्रमाण पत्र, श्रीमद्भगवद गीता और उपहार देकर सम्मानित किया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों को जारी रखा जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को मदद मिल सके।

## गोविंददेवजी मंदिर के बाहर रोपा जाएगा होली का डांडा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** माघ पूर्णिमा पर शहर के प्रमुख आराध्य गोविंद देवजी मंदिर में ठाकुर श्रीजी का पंचामृत अभिषेक कर चटख सफेद रंग की नवीन पोशाक धारण कराई जाएगी। सफेद फूलों और आभूषणों से श्रृंगार किया जाएगा। माघ पूर्णिमा पर बुधवार शाम को आराध्य गोविंददेवजी मंदिर के बाहर होली का डांडा पूजन किया जाएगा। गोविंददेवजी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में कई मंदिरों के संत-महंत मंत्रोच्चार के बीच प्रथम पूज्य गणपति के बाद भक्त प्रहलाद की पूजा करेंगे। इस मौके पर चंग-ढप पर होली के गीत भी गाए जाएंगे।

ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि पंचांग के अनुसार इस बार होलिका दहन 13 मार्च को और रंगोत्सव धूलंड़ी 14 मार्च को मनाई जाएगी लेकिन इससे एक महीने पहले होली के डांडे का रोपण किया जाएगा। आचार्य पं. गौरी शंकर शर्मा बोरखेड़ा ने बताया कि इस ब्रह्म पूर्णिमा यानि माघ पूर्णिमा पर सौभाग्य योग,शोभन योग, शिववास योग, गजकेसरी योग और त्रिग्रही योग बनेंगे। होली का डांडा माघ मास की पूर्णिमा के दिन गाड़ा जाता हैं जो इस बार 12 फरवरी बुधवार को हैं।

## देश और प्रदेश के आर्थिक विकास में विश्वकर्मा बंधुओं का महत्वपूर्ण योगदान-दीया कुमारी

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने निर्माण और सृजन से जुड़े सभी कारीगरों की सराहना करते हुए कहा कि "विकसित राजस्थान" और "विकसित भारत" के संकल्प की सिद्धि में आपका अहम योगदान हैं। प्रदेश में बड़ी संख्या में कारीगर एवं हस्तशिल्पी पारंपरिक कार्यों में अत्यंत प्रतिभाशाली हैं।

उन्होंने कहा कि पारंपरिक कारीगरों की प्रतिभा को निखारने, प्रशिक्षण और व्यवसाय में वृद्धि के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा "पीएम विश्वकर्मा योजना" चलाई जा रही है, जो कि कारीगरों और शिल्पकारों को सशक्त बनाने में सहायता प्रदान कर रही है। इस योजना का उद्देश्य विभिन्न पारंपरिक शिल्पों में कुशल व्यक्तियों का उत्थान करना है, जिससे भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया जा सके। विश्वकर्मा योजना की मूल भावना है - सम्मान, सामर्थ्य और समृद्धि। यानी पारंपरिक हुनर का सम्मान, कारीगरों का सशक्तिकरण और विश्वकर्मा बंधुओं के जीवन में समृद्धि, ये ही हमारा लक्ष्य है। यह योजना देश के लाखों विश्वकर्मा बंधुओं को आगे बढ़ने का मौका दे रही है।

दिया कुमारी ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में श्रमिकों एवं स्ट्रीट वेंडर्स को वृद्धावस्था में संबल देने के लिए "मुख्यमंत्री विश्वकर्मा पेंशन योजना" एवं श्रमिकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। राज्य में डबल इंजन सरकार कारीगरों व शिल्पकारों के उज्वल भविष्य के निर्माण हेतु संकल्पबद्ध हैं।

## मेडिकल ऑफिसर भर्ती परीक्षा का इंतजार! 4 अप्रैल को होगी परीक्षा

**जयपुर @ जागरूक जनता।** आखिरकार मेडिकल ऑफिसर भर्ती परीक्षा का इंतजार खत्म हो गया है। नोडल एजेंसी RUHS ने परीक्षा के लिए 4 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है. मेडिकल ऑफिसर भर्ती परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया को 4 दिन के लिए खोला गया है। अभ्यर्थी 14 फरवरी से 18 फरवरी के बीच परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। फिलहाल 1480 पदों के लिए भर्ती प्रक्रियाधीन है। जिसमें 220 पद बढ़ने की उम्मीद है।

**संस्थान पथ तिराहे से जगतपुरा आरओबी से तक का है प्रस्ताव**

# 200 करोड़ खर्चने से 3 किमी. लंबी एलिवेटेड रोड पर नॉन स्टॉप दौड़ेगा ट्रैफिक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर के झालाना बाइपास से जगतपुरा और महल रोड जाने की राह सुगम होने की उम्मीद है। इसके लिए जेडीए करीब तीन किमी लंबी एलिवेटेड रोड बनाने का प्लान कर रहा है। जेडीए अधिकारियों की मानें तो संस्थान पथ तिराहे (आरआइसी तिराहा) से जगतपुरा आरओबी से तक इस एलिवेटेड रोड को बनाया जाएगा। इससे तीन ट्रैफिक लाइट और एक सर्कल पर लोगों को नहीं रुकना पड़ेगा। साथ ही जवाहर सर्कल की ओर भी वाहन सीधे मुख्य सड़क से जा सकेंगे। इस एलिवेटेड रोड की बजट में घोषणा भी की जा सकती है। इसे बनाने में करीब 200 करोड़ रुपए खर्च होंगे।



### इसलिए फूंक-फूंककर रखे जा रहे कदम

**पिछले** बजट में जयपुर शहर के लिए सबसे लंबी एलिवेटेड रोड (अम्बेडकर सर्कल से जवाहर सर्कल) की घोषणा की थी। शुरुआती रिपोर्ट में सामने आया कि इससे जेएलएन मार्ग की सुंदरता खराब हो जाएगी। इसके बाद प्रोजेक्ट टोंक रोड पर शिफ्ट कर दिया। फिजिबिलिटी रिपोर्ट जेडीए ने तैयार करवा ली। इस पर करीब 86 लाख रुपए खर्च हुए। इसके अलावा अन्य घोषणाओं पर भी जेडीए तेज गति से काम नहीं कर पाया है।

### अपेक्स सर्कल पर नहीं रुकना पड़ेगा

**जयपुर** में एलिवेटड रोड के बनने से संस्थान पथ तिराहे पर नहीं रुकना पड़ेगा। अपेक्स सर्कल और बालाजी तिराहे पर अपने वाहन को नहीं रोकना पड़ेगा। जगतपुरा रोड पर भी ट्रैफिक लाइट खत्म हो जाएगी। वाहन चालक जगतपुरा आरओबी को पार करते हुए सीधे महल रोड पर आगे बढ़ जाएंगे।

### तेजी से बढ़ रहा है वाहनों का दबाव

**जगतपुरा** क्षेत्र में आबादी बढ़ रही है। पीक आवर्स में महल रोड पर वाहनों की रेलमपेल होती है। आने वाले समय में वाहनों का दबाव और बढ़ेगा। इसी को ध्यान में रखते हुए जेडीए ने यह प्लान तैयार किया है।



नार्को कॉर्डिनेशन सेंटर तंत्र की राज्य स्तरीय कमेटी की बैठकः नशामुक्त राजस्थान के लिए सभी एजेंसियां समन्वय से करें कार्य मुख्य सचिव

# प्रदेश में हुक्का बार पूर्णतः प्रतिबंधित, अवैध संचालन पर होगी सख्त कार्रवाई

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने कहा कि राज्य में हुक्का बार पूरी तरह से प्रतिबंधित है और अवैध रूप से संचालित हुक्का बार व ड्रग कारोबारियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नशामुक्त प्रदेश के संकल्प को साकार करने के लिए पुलिस विभाग को राजस्थान हुक्का बार निषेध अधिनियम– 2019 के तहत त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पंत मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित नार्को कॉर्डिनेशन सेन्टर तंत्र (एनसीओआरडी) की राज्य स्तरीय कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि विभिन्न स्थानों पर संचालित बार, पब, होटल, रेस्टोरेंट एवं शराब की दुकानों के बाहर अवैध मादक पदार्थ सेवन के संबंध में चेतावनी बोर्ड लगवाना सुनिश्चित करें और सोशल मीडिया के माध्यम से भी अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी), पुलिस, परिवहन, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहित सभी संबंधित विभाग और एजेंसियां समन्वय से कार्य करें और ड्रग माफियाओं पर कड़ी नकेल कसें। इसके लिए जिला स्तर पर नियमित रूप से टास्क फोर्स की बैठकें आयोजित करने का निर्देश दिया गया है।

मुख्य सचिव ने चिकित्सा विभाग, पुलिस और एनसीबी द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर अवैध रूप से बिना चिकित्सकीय परामर्श के एच श्रेणी के ड्रग्स, अवैध दवाईयों एवं मादक पदार्थ बेचने वाले मेडिकल स्टोर्स पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सम्बंधित विभाग और ड्रग लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियां मिलकर प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने सीमावर्ती जिलों में सघन नाकाबंदी कर नशीले पदार्थों और उनके निर्माण में काम आने वाले रसायनों की तस्करी पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने के भी निर्देश दिए ।

पंत ने समाचार पत्रों, विभिन्न प्रचार और संचार माध्यमों के जरिए नशे की रोकथाम के लिए आमजन को जागरूक करने के लिए सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग एवं सभी शैक्षणिक संस्थाओं में विद्यार्थियों को नशे की लत से दूर रहने के लिए ई-प्रतिज्ञा दिलाने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने निजी नशामुक्ति केन्द्रों की प्रभावी मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्पांजलि की अर्पित

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि पर धानक्या में आयोजित प्रार्थना सभा में पहुंचे। श्री शर्मा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम, उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, विधायक कालीचरण सराफ एवं गोपाल शर्मा, जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति अध्यक्ष प्रो. मोहन लाल छीपा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



जनप्रतिनिधि आपके द्वार

## लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि, विकास कार्यों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी मंगलवार को टोंक जिला उपखंड टोडारायसिंह के दौरे पर रहे। जहां उन्होंने एक दर्जन से अधिक गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं को सुना और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया। जलदाय मंत्री ने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। जनसुनवाई के दौरान जनप्रतिनिधि एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

जलदाय मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि होती है। विकास कार्यों में जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन के कार्यों को नियमानुसार त्वरित गति से करें। जिससे केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सके।

मुख्यमंत्री ने किया सैडल बांध का निरीक्षण

## आमजन को पर्याप्त जलापूर्ति के लिए सरकार प्रतिबद्ध-शर्मा

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रावतभाटा स्थित राणा प्रताप सागर बांध के अपस्ट्रीम में सैडल डैम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित कार्यों की प्रगति का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शर्मा को जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने राणाप्रताप सागर-ब्राह्मणी के बाढ़ सुरक्षा प्रबंधन एवं उक्त बाढ़ के जल के बीसलपुर बांध में जल अपवर्तन परियोजना पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राणाप्रताप सागर के सैडल डैम के सरप्लस पानी को ब्राह्मणी नदी में डालने के लिए प्रस्तावित कैरिज के मार्ग एवं यहां से पानी बीसलपुर बांध के अपस्ट्रीम तक पहुंचाने की कार्य योजना पर कार्य किया जा रहा है। इस परियोजना से सरप्लस पानी का अधिक से अधिक उपयोग होगा और पानी व्यर्थ नहीं बहेगा। उल्लेखनीय है कि राणाप्रताप सागर बांध एवं ब्राह्मणी नदी से बीसलपुर बांध की बनास नदी में जल अपवर्तन की संभावित लागत 8 हजार 300 करोड़ रूपये है। इस परियोजना के अंतर्गत ब्राह्मणी नदी पर एक बैराज श्रीपुरा गांव में बनाया जाना प्रस्तावित है। इस बैराज के अतिरिक्त वर्षाकालीन जल को राणाप्रताप सागर के सैडल डैम से बनास नदी के लिए निकली चैनल को फीड किया जाएगा। साथ ही, परियोजना के अंतर्गत सुरंगों का निर्माण एवं बूंदी जिले के गरडदा, अभयपुरा एवं गुढ़ा बांध को भी भरा जाना प्रस्तावित है।



**रावतभाटा के समग्र विकास के लिए कृतसंकल्पित**

**शर्मा** ने यहां स्थानीय लोगों से संवाद करते हुए कहा कि राज्य सरकार वर्षा के जल का संचय कर अधिक से अधिक उपयोग करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकसित रावतभाटा के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। यहां पर परिवहन सुविधा का विस्तार करने सहित अन्य विषयों पर राज्य सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी, विधायक सुरेश धाकड़ तथा श्रीचंद कृपलानी, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार सहित संबंधित अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना, 15 तक कर सकेंगे आवेदन

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के निर्देश पर विभाग ने मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में ऑनलाइन आवेदन की तिथि को बढ़ाकर 15 फरवरी कर दिया है। मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षाओं एवं सरकारी नौकरियों के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी उत्कृष्ट ढंग से कराने एवं समान अवसर प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा ऑनलाईन पोर्टल पर सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों में निःशुल्क कोचिंग करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन किये जाने की तिथि पूर्व में 1 से 10 फरवरी 2025 निर्धारित की गई थी। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग बचनेश अग्रवाल ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी निःशुल्क कोचिंग करने के लिए ऑनलाइन आवेदन किये जाने की पूर्व में निर्धारित अंतिम तिथि को 15 फरवरी 2025 तक बढ़ा दिया गया है। अग्रवाल ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन SSOPortal (https://sso.rajasthan.gov.in) पर लॉग-इन कर CM Anuprati Coaching आइकन के माध्यम से 15 फरवरी 2025 तक विभाग को ऑनलाइन किये जा सकते हैं।

## सहायक आचार्यः न्यूक्लियर मेडिसिन एवं एंडोक्रिनोलॉजी के पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन पुनः आमंत्रित

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा जारी सहायक आचार्य- चिकित्सा शिक्षा विभाग वि.सं. 18/2024-25 दिनांक 22 अक्टूबर 2024 के अंतर्गत न्यूक्लियर मेडिसिन एवं एंडोरि नोलॉजी विशिष्टताओं के क्रमशः 01 एवं 03 पदों पर भर्ती हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र पुनः आमंत्रित किए गए हैं। आयोग सचिव ने बताया कि विभाग द्वारा पदों की संख्या में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि किए जाने के फलस्वरूप उक्त पदों हेतु दिनांक 12 फरवरी से 21 फरवरी 2025 को रात्रि 12.00 बजे तक ऑनलाईन आवेदन पत्र पुनः आमंत्रित किए गए है। इसके पश्चात् लिंक निष्क्रिय हो जाएगा। ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया, विभाग से प्राप्त संशोधित वर्गवार वर्गीकरण एवं अन्य सूचना के संबंध में अभ्यर्थी आयोग की वेब साईट पर जारी शुद्धि पत्र संख्या 20/2024-25 का अवलोकन कर सकते हैं।

## कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा कृषकों को पहुंचाएं-राजन

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी राजन विशाल ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि कृषि विभाग की योजनाओं का समय पर प्रत्येक किसान को लाभ पहुंचाया जाये।

राजन विशाल पंत कृषि भवन में विभागीय योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में कृषि विभाग की अधिकारियों के साथ बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। शासन सचिव ने कहा कि बजट घोषणाओं को ध्यान में रखते हुए अधिकारी फरवरी के अन्तिम सप्ताह तक योजनाओं को शत-प्रतिशत पूरा करें। अधिकारी फिल्ड में रहकर ज्यादा से ज्यादा किसानों को योजनाओं की जानकारी दें, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक किसान को राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। शासन सचिव ने कहा कि अधिकारी कस्टम हायरिंग सेन्टरों का लगातार निरीक्षण करे। निरीक्षण के दौरान सुनिश्चित करे कि इन सेन्टरों से कृषि यंत्र सभी जरूरतमंद किसानों को समय पर और मार्केट रेट से कम दरो पर दिये जा रहे है। उन्होंने सभी कस्टम हायरिंग सेन्टरों को शत-प्रतिशत राज किसान पोर्टल पर ऑन-लाईन करने के निर्देश दिये। जिससे किसान अपनी बुआई के लिए कृषि यंत्रों की इस ऐप पर ऑन-लाईन बुकिंग कर सकेगा। उन्होंने बैठक में फार्म पौण्ड, डिग्गी, सिंचाई पाईप लाईन, कृषि यंत्र, तारबंदी, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना, वर्मी कम्पोस्ट इकाई, कस्टम हायरिंग सेन्टर सहित विभिन्न गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का निस्तारण कर उन्हें समय पर पूरा करें। बैठक में आयुक्त कृषि सुश्री चिन्मयी गोपाल, निदेशक आत्मा डॉ सुवालाल जाट, अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) एस.एस. शेखावत, अतिरिक्त निदेशक कृषि (आदान) गोपाल लाल, अतिरिक्त निदेशक कृषि (रसायन) एच.एस. मीणा, सभी संभागीय अतिरिक्त निदेशक कृषि एवं समस्त खण्डीय संयुक्त निदेशक कृषि सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।





## राज्यपाल बागडे ने महाकुंभ त्रिवेणी संगम में लगाई डुबकी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को परिजनों सहित महाकुंभ मेले में त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। राज्यपाल ने संगम स्नान के साथ ही कुंभ से जुड़ी भारतीय सनातन परंपरा को स्मरण करते हुए कहा कि महाकुंभ स्नान संस्कृति की जड़ों से जुड़ना है। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में स्नान से शरीर ही नहीं आत्मा की भी शुद्धि होती है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय सनातन संस्कृति में आस्था रखने वाले विशाल जन का आत्मीय समागम स्थल है।

## राजस्थान के विद्यार्थियों को सशक्त बना रही है दयानंद सागर यूनिवर्सिटी बेंगलुरु-भट्ट

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** दयानंद सागर यूनिवर्सिटी (डीएसयू) बेंगलुरु का उद्देश्य राजस्थान के विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं कौशल को निखारकर उन्हें सशक्त बनाना भी है ताकि वे भविष्य के जिम्मेदार नागरिक और सशक्त लीडर बन सकें। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डा अमित भट्ट ने मंगलवार को यहां मीडिया से यूनिवर्सिटी के बारे में जानकारी दे रहे थे। डा भट्ट ने बताया कि यूनिवर्सिटी में 17 हजार से अधिक विद्यार्थी हैं और अगले तीन वर्षों में इनकी संख्या 25 हजार तक बढ़ाने का लक्ष्य हैं और किस तरह राजस्थान के विद्यार्थियों को उनकी क्षमताओं को निखारने और सफल करियर बनाने में मदद कर सकती है उस पर ध्यान दिया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु आज उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद्र बन चुका है और इसके पीछे मुख्य कारण यहां उच्च शिक्षा के कई अवसर उपलब्ध होना हैं, जिसमें कौशल निर्माण और रोजगार पर विशेष जोर दिया जाता है। भारत की सिलिकॉन वैली कहे जाने वाले बेंगलुरु में कई प्रमुख मल्टीनेशनल एवं आईटी कंपनियों की मौजूदगी है। यह माहौल स्टूडेंट्स को इंडस्ट्री की नवीनतम जानकारी हासिल करने में मददगार साबित होता है। डीएसयू में विद्यार्थी इंडस्ट्री के मानकों को पूरा करने वाले यूनिवर्सिटी के अत्याधुनिक पाठ्यक्रम से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी में इंडस्ट्री बेस पढ़ाई कराई जाती है ताकि प्लेसमेंट अच्छा मिल सके।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण

# चिकित्सा क्षेत्र में बड़ा हब बनेगा अजमेर

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान विस अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर शहर में विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अजमेर के विकास के लिए योजनाबद्ध रूप से काम किया जा रहा है।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर के ग्राम लोहागल एवं ग्राम काजीपुरा में सड़क निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया। इनकी लागत 35 लाख रूपये से अधिक है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों को सम्बोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि अजमेर के विकास के लिए योजनाबद्ध रूप से काम किया जा रहा है। इसी के अनुरूप काम हो रहा है। चिकित्सा के क्षेत्र में अजमेर राजस्थान का बड़ा हब बनेगा। इसी तरह आयुर्वेद विश्वविद्यालय, खेल अकेडमी, स्पोर्ट्स कॉलेज, आईटी पार्क एवं अन्य विकास कार्य अजमेर के नए मील के पत्थर बनेंगे। उन्होंने कहा कि बजट घोषणा के तहत 24 करोड़ की राशि से नालों का निर्माण जल्द शुरू होगा। जिसकी टेंडर फरवरी के दूसरे सप्ताह में खुल जाएंगे। इसके अलावा निगम और प्राधिकरण की ओर से भी 11 करोड़ की लागत से नालों का निर्माण करवाया जाएगा।

विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने ग्राम लोहागल स्थित देवनगर के कल्याण राव जी के मकान से राजू जी गुर्जर के मकान तक राशि 7 लाख रूपए की लागत से सड़क निर्माण, देवनगर में मुख्य सड़क से मुकेश जी जैमन के मकान तक राशि 4.68 लाख रूपए की लागत से सड़क निर्माण कार्य, संत कबीर नगर गली नम्बर एक में राशि 9.97 लाख रूपए के सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसी प्रकार ग्राम काजीपुरा में बायली प्रभू के मकान से रणजीत जी के मकान तक लागत राशि 9.65 लाख रूपए के सड़क निर्माण कार्य, अजयसर मार्ग गोपाल जी के मकान वाली गली में लागत राशि 4.25 लाख रूपए के सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य लोकेंद्र सिंह, हरि गुर्जर, भगवान सिंह रावत, संजय चौहान, अजीत सिंह खंगारोत, छगन सिंह, ग्राम काजीपुरा में कल्याण सिंह, वीनू सिंह रावत, सरपंच लाल सिंह रावत गुलाब सिंह रावत शक्ति सिंह कच्छवाहा सहित अन्य उपस्थित रहे।





## सम्पादकीय

# 'आप' का अब क्या होगा

दिल्ली विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जहां BJP के लिए खुशियों का कमल खिला दिया है, वहीं शून्य का हैट्रिक लगाने वाली कांग्रेस को भी AAP की हार सुनिश्चित करने का संतोष मिला है। लेकिन जो बात इन चुनाव नतीजों को ऐतिहासिक बनाती है, वह है आंदोलन से निकली पार्टी AAP का हश्र। उसकी इस हार के विपक्षी ब्लॉक I.N.D.I.A. पर पड़ने वाले गंभीर असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता। वैसे, लोकतंत्र में किसी पार्टी के लिए चुनाव हारकर सत्ता से बाहर होना कोई अनोखी बात नहीं है। फिर यह भी है कि लगातार दो चुनावों में विपक्ष का लगभग सफाया कर देने वाली आम आदमी पार्टी भले ही सत्ता से बाहर हो गई हो, लेकिन 43.57% वोट उसे इस बार भी मिले हैं। 22 विधायक भी निर्वाचित हुए हैं उसके। यानी मजबूत विपक्ष की भूमिका में वह अब भी बनी रहेगी। फिर भी इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इन नतीजों के बाद पार्टी अब तक के अपने सबसे मुश्किल दौर में आ गई है। आंदोलन से निकली इस पार्टी की ताकत यह थी कि इसने वैकल्पिक राजनीति के सपनों को पंख दिए थे। इसके सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल ईमानदारी और सादगी के पोस्टर बॉय बनकर उभरे थे। लेकिन हाल के दिनों में न केवल केजरीवाल की उस साख पर चोट लगी बल्कि वैकल्पिक राजनीति का पार्टी का दावा भी कमजोर पड़ा। पार्टी के केंद्र में हमेशा से केजरीवाल ही रहे। पूरी पार्टी को एकजुट रखने वाले सबसे मजबूत फैक्टर भी वही थे। अब न केवल दिल्ली की सत्ता उनके हाथ से चली गई है बल्कि वह खुद अपना चुनाव भी हार गए। उन पर कई मुकदमे भी चल रहे हैं। ऐसे में पार्टी के बिखराव का खतरा मंडरा रहा है। देखना होगा कि पार्टी इस खतरे से कैसे निपटती है। दिल्ली के इन चुनावों में जिस तरह से AAP और कांग्रेस आमने-सामने दिखी और विपक्षी गठबंधन के कई प्रमुख घटक दल AAP का स्पष्ट रूप से पक्ष लेते दिखे, उसके बाद इस विवाद का बढ़ना लगभग तय है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के उस ट्वीट से यह और स्पष्ट हो गया जिसमें उन्होंने दोनों पार्टियों पर तंज कसते हुए कहा था- और लड़ो आपस में। देखना होगा कि विपक्षी खेमे का यह विवाद कितना आगे बढ़ता है और गठबंधन इससे कैसे निपटता है।

**दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत और कांग्रेस की हार के बीच आम आदमी पार्टी की पराजय का मुद्दा उत्पन्न हुआ है। केजरीवाल की पार्टी ने इस बार 43.57% वोट और 22 सीटें हासिल कीं, लेकिन इसके बावजूद उसके सामने पार्टी बिखराव का खतरा मंडरा रहा है।**

**कई देशों में लोगों का जीवन स्तर बढ़ने से बिजली की खपत बढ़ी है, दूसरी तरफ एआई को चलाने के लिए भी बिजली की मांग बढ़ी है। जैसे-जैसे एआई के मॉडल और ज्यादा विकसित होंगे, ज्यादा शक्तिशाली होंगे, उनके लिए अधिक बिजली की जरूरत होगी।**

# कैसे होगा एआई के लिए पर्याप्त बिजली का इंतजाम

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**अनुमान है कि 2027 तक एआई अकेले ही उतनी बिजली का इस्तेमाल करने लगेगा, जितनी बिजली नीदरलैंड्स जितना बड़ा कोई देश इस्तेमाल करता है। इसीलिए दुनियाभर में इस बात को लेकर बहस हो रही है कि क्या हमारे पास एआई को चलाने के लिए पर्याप्त बिजली है?**

मौजूदा दौर में देखा जाए तो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हमारी ज़िंदगी का अहम हिस्सा बना हुआ है। यह तय करता है कि हमारी सोशल मीडिया फीड में हमें क्या दिख रहा है और वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म हमें कौन-सी फ़िल्म देखने का सुझाव दे रहा है। यहां तक कि हमें इंश्योरेंसस प्रीमियम कितना देना है इसका हिसाब करने में एआई हमारी मदद करता है। एआई चैटबॉट चैटजीपीटी के आने से पहले तक शायद ही किसी ने सीधे-सीधे एआई से बात की थी और अपने सवालों पर उसके जवाब सुने थे। लेकिन अब आप चैटजीपीटी से कुछ भी पूछिये और अपने हर सवाल का जवाब हासिल कर लीजिये, वो भी तत्काल!

आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस बेहद ताकतवर तकनीक है। सुनने में ये एक ख़तरनाक़ फ़िल्म की कहानी की तरह है, लेकिन तकनीक के क्षेत्र में काम करने वाले कई जानकार गंभीरता के साथ कहते हैं कि ये तकनीक या तो दुनिया को बचा सकती है या फिर इसे पूरी तरह तबाह कर सकती है। दरअसल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंप्यूटर सिस्टम को इंसानों की तरह सोचने, समझने और कार्य करने की क्षमता प्रदान करने वाली तकनीक है। यह मशीनों को डेटा से सीखने (मशीन लर्निंग), समस्याओं को हल करने, निर्णय लेने और भाषा या छवियों को पहचानने में सक्षम बनाती है। एआई का उपयोग चैटबॉट, सर्च इंजन, स्वचालित कार, स्वास्थ्य सेवाएं, और वित्तीय विश्लेषण में होता है। यह जटिल कार्यों को तेजी से और सटीकता से करने में मदद करता है। एआई के प्रकारों में नैरो एआई (विशिष्ट कार्य), जनरल एआई (मानव जैसी सोच), और सुपर एआई (इंसानों से आगे) शामिल हैं। यह तकनीक भविष्य को नई संभावनाओं से जोड़ रही है। इधर समूची दुनिया में इस बात को लेकर बहस हो रही है कि क्या हमारे पास एआई को चलाने के लिए पर्याप्त बिजली है? यह एक महत्वपूर्ण और जटिल प्रश्न है, क्योंकि यह कई कारकों पर निर्भर करता है, जैसे कि एआई मॉडल की जटिलता, डेटा सेंटर की ऊर्जा खपत, बिजली उत्पादन के स्रोत, और उपयोग की जाने वाली तकनीक की ऊर्जा दक्षता। एआई मॉडल, विशेष रूप से बड़े भाषा मॉडल और डीप लर्निंग एल्गोरिदम को प्रशिक्षित करने और चलाने के लिए बड़ी मात्रा में कंप्यूटिंग पावर चाहिए। इसके लिए हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटर और डेटा सेंटर का उपयोग होता है, जो बहुत अधिक ऊर्जा खपत करते हैं। उदाहरण के लिए, जीपीटी-3 जैसे बड़े मॉडल को प्रशिक्षित करने में लाखों किलोवाट-घंटे की बिजली खपत हुई है।




अगर आप अपने लैपटॉप के निचले हिस्से को छूकर देखें तो संभावना है कि वो हिस्सा आपको गर्म लगेगा। ईमेल को डिस्प्ले करने से लेकर स्प्रेडशीट बनाने और कई ऐप्स को चलाने के लिए लैपटॉप को करोड़ों कैलकुलेशन करने पड़ते हैं जिसमें एनर्जी यानी ऊर्जा लगती है। यही वजह है कि जब आप देर तक काम करते हैं तो लैपटॉप की बैटरी जल्दी डिस्चार्ज होती है। अब कल्पना कीजिये दुनियाभर के उन लाखों करोड़ों कंप्यूटरों की जो स्प्रेडशीट नहीं बना रहे, बल्कि आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस के लिए एलगोरिदम बना रहे हैं। इस एआई की मदद से वो दवाइयां बनाई जा सकती हैं जिससे सभी प्रकार के कैंसर का इलाज हो सकता है। पृथ्वी के बढ़ते तापमान को रोकने में मदद मिल सकती है। इतना ही नहीं बल्कि ऐसे कई काम जो इंसान नहीं करना चाहते वो एआई की सहायता से मशीनें कर पाएंगी। मगर एआई को विकसित करने के लिए करोड़ों कंप्यूटरों को चलाने के लिए और उन्हें ठंडा रखने के लिए ज़रूरी एयरकंडीशनिंग के लिए बहुत बड़ी मात्रा में ऊर्जा की ज़रूरत होगी।

अब हमारी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में एआई की मौजूदगी कई जगह दिखाई देती है। फ़ोन को अनलॉक करने के लिए फ़ेस डिटेक्शन से लेकर स्पैम ईमेल की पहचान एआई की मदद से होती है। इसी की सहायता से भाषाओं का अनुवाद करने वाले प्रोग्राम बनाए जाते हैं। मगर मसला यह है कि एआई प्रोग्राम को बनाने और संचालित करने वाले कंप्यूटरों को चलाने में भारी मात्रा में बिजली ख़र्च होती है। एक अनुमान है कि 2027 तक एआई अकेले ही उतनी बिजली का इस्तेमाल करने लगेगा जितनी बिजली नीदरलैंड्स जितना बड़ा कोई देश इस्तेमाल करता है।

एआई को विकसित करने या इस्तेमाल करने के लिए बड़ी संख्या में मशीनों और कंप्यूटरों की ज़रूरत होती है जो एलगोरिथम का इस्तेमाल करके करोड़ों कैलकुलेशन करते हैं। पिछले दो तीन सालों में इन सुविधाओं के निर्माण में बड़ी वृद्धि हुई है। इस काम के लिए विशाल डाटा सेंटर बनाने पड़ते हैं जिसमें सैकड़ों बड़े कंप्यूटर होते हैं। बड़े गोदामों के आकार की इन इमारतों में खिड़कियां नहीं होतीं। इन्हें ठंडा भी रखना पड़ता है। दुनिया में ऐसे नौ से बारह हज़ार डाटा सेंटर हैं। यहां एआई को चलाने के लिए शक्तिशाली सुपर कंप्यूटरों का इस्तेमाल किया जाता है जिनसे काफ़ी गर्मी भी पैदा होती है। आमतौर पर डाटा सेंटर नदी या तालाब जैसे पानी के स्रोतों के नज़दीक बनाए जाते हैं ताकि उन्हें ठंडा रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जा सके। लेकिन पानी को पंप करने और कंप्यूटरों को चलाने के लिए बड़ी मात्रा में बिजली की ज़रूरत होती है। कुछ अनुमानों के अनुसार एआई दुनिया के बिजली के बजट का आठ से दस प्रतिशत हिस्सा इस्तेमाल कर रहा है जो कि बहुत ज़्यादा है। आगे एआई के लिए बिजली की ज़रूरत और बढ़ेगी, जब जनरेटिव एआई का इस्तेमाल बढ़ेगा। जनरेटिव एआई वो आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस है जो हमारे साथ चैट कर सकता है, तस्वीरें बना सकता है और सैंपल म्यूज़िक की मदद से संगीत भी तैयार कर सकता है। दावोस में 2024 की वर्ल्ड इकॉनोमिक फ़ोरम की बैठक में चैट जीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपन एआई के प्रमुख सैम ऑल्टमन ने कहा कि एआई के नए मॉडल पहले लगाए अनुमान से कहीं ज्यादा ऊर्जा का इस्तेमाल करेंगे।

ऐसा लगता है कि एआई एक ऊर्जा संकट की ओर बढ़ रहा है। जनरेटिव एआई कहीं ज्यादा मात्रा में बिजली का इस्तेमाल करेगा। वो कहती हैं कि हमारे बिजली उत्पादन संयंत्रों पर पहले से सप्लाई का दबाव है जो और बढ़ जाएगा। अगर इस समस्या का हल नहीं निकाला गया और ऊर्जा के नए स्रोत नहीं बनाए गए तो समस्या गंभीर हो सकती है। दुनिया पहले ही कार्बन उत्सर्जन की वजह से जलवायु परिवर्तन के संकट से जूझ रही है ऐसे में बेहतर होगा कि एआई चलाने के लिए बिजली की ज़रूरत सौर ऊर्जा या दूसरी रिन्यूएबल या हरित एनर्जी से की जाए। फ़िलहाल तो लगता है कि हमारे पास इसके लिए पर्याप्त ऊर्जा है लेकिन हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि कैसे एआई को चलाने के लिए काम करने वाले डाटा सेंटरों को दी जाने वाली ज़्यादातर बिजली रिन्यूएबल या हरित स्रोतों से प्राप्त की जाए ताकि इसका पर्यावरण पर बुरा असर ना पड़े।

# महाशिवरात्रि और महाकुंभ के शाही स्नान का अद्भुत संयोग

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

इस साल फाल्गुन माह कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 8 मिनट पर शुरू होगी। वहीं इस तिथि का समापन 27 फरवरी को सुबह 8 बजकर 54 मिनट पर हो जाएगा। ऐसे में 26 फरवरी महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा और इसी दिन इसका व्रत भी रखा जाएगा। वहीं इस बारमहाशिवरात्रि के दिन प्रयागराज के महाकुंभ में शाही स्नान का विशेष संयोग निर्मित हो रहा है। इस वजह से महाशिवरात्रि का त्योहार कई गुना अधिक महत्वपूर्ण हो गया है।



अक्षय शास्त्री
ज्योतिषाचार्य
@jagrukjanta.net

महाशिवरात्रि का पर्व हर फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाया जाता है। यह दिन भगवान व माता पार्वती को समर्पित है। श्री साकेत पंचांग सम्पादक पंडित जगदीश प्रसाद शर्मा अनुसार इस दिन ही शिव और शक्ति का मिलन हुआ था। यानी इस दिन ही भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह हुआ था। महाशिवरात्रि के दिन ही महादेव वैराग्य जीवन छोड़कर गृहस्थ जीवन को अपनाया था। मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव व माता पार्वती की विधिवत पूजा करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्रि पूजन में शुभ मुहूर्त का भी विचार किया जाता है। इस साल महाशिवरात्रि के दिन भद्रा का साया रहने वाला है। ज्योतिष शास्त्र में भद्रा को शुभ व मांगलिक कार्यों के लिए अशुभ माना गया है।

छोटी काशी बुंदी से प्रकाशित श्री साकेत पंचांग के अनुसार, चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 08 मिनट पर प्रारंभ होगी और 27 फरवरी 2025 को सुबह 08 बजकर 54 मिनट पर समापन होगा। महाशिवरात्रि का व्रत 26 फरवरी 2025 को रखा जाएगा।



### महाशिवरात्रि पर चारों प्रहर के पूजन मुहूर्त

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शिवरात्रि पूजा रात्रि के समय एक बार या चार बार की जा सकती है। रात्रि के चार प्रहर होते हैं और हर प्रहर में शिव पूजा की जा सकती है। चारों प्रहर के पूजन का समय-

### प्रथम प्रहर पूजा समय

- » शाम 06:22 से रात्रि 09:30
- » द्वितीय प्रहर पूजा समय - रात्रि 09:30 से मध्य रात्रि 12:40
- » तृतीय प्रहर पूजा समय - मध्य रात्रि 12:40 से उत्तररात्रि 03:48
- » चतुर्थ प्रहर पूजा समय - उत्तररात्रि 03:48 से प्रातः 06:57 (27 फरवरी 2025)
- » **महाशिवरात्रि पर भद्रा का समय-** महाशिवरात्रि पर भद्रा सुबह 11:08 बजे से रात 10:05 बजे तक रहेगी।
- » **महाशिवरात्रि पर शिव पूजन का निशिता मुहूर्त:** महाशिवरात्रि पर शिव पूजन का निशिता पूजा 26 फरवरी की मध्यरात्रि 12 बजकर 15 मिनट से 1 बजकर 5 मिनट तक रहेगा।
- » **महाशिवरात्रि व्रत पारण का समय:** महाशिवरात्रि व्रत का पारण 27 फरवरी 2025 को किया जाएगा। व्रत पारण का शुभ मुहूर्त सुबह 06 बजकर 58 मिनट से सुबह 09 बजकर 01 मिनट तक रहेगा।

### क्या होता है रुद्राभिषेक, कैसे किया जाता है?

बुन्दी के ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री के अनुसार, रुद्राष्टाध्यायी के 8 अध्यायों में 176 मंत्र हैं। इन मंत्र के द्वारा जब शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है तो इसे ही रुद्राभिषेक कहते हैं। अभिषेक शब्द का शाब्दिक अर्थ है स्नान कराना। ग्रंथों में अलग-अलग इच्छाओं की पूर्ति के लिए विभिन्न द्रव्यों से रुद्राभिषेक करने का विधान बताया गया है। जानें किस कामना के लिए कौन-से द्रव्य से रुद्राभिषेक करना चाहिए।

- » 1. अगर आप मानसिक शांति चाहते हैं तो शुद्ध जल से रुद्राभिषेक करें।
- » 2. सौभाग्य बढ़ाने के लिए गंगाजल से रुद्राभिषेक करें।
- » 3. धन लाभ के लिए गन्ने के रस से रुद्राभिषेक करना शुभ होता है।
- » 4. संतान पाने के लिए गाय के दूध से रुद्राभिषेक करना चाहिए।
- » 5. शक्कर मिश्रित दूध से रुद्राभिषेक करने से बुद्धि का विकास होता है।
- » 6. शुद्ध घी से रुद्राभिषेक करें तो सेहत में सुधार होता है।
- » 7. रोगों में आराम के लिए शिवलिंग का रुद्राभिषेक सरसों के तेल से करें।
- » 8. शहद से रुद्राभिषेक करने से पापों का नाश होता है।
- » 10. भूमि, भवन और वाहन सुख के लिए दही से रुद्राभिषेक करना शुभ माना जाता है।
- » 11. शुद्ध जल में बिल्व पत्र डालकर रुद्राभिषेक करने से वैवाहिक जीवन सुखी रहता है।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



समस्त प्राणियों के हृदय में अपने अंश द्वारा अंतरात्मा के रूप में आप ही हैं। वे अविनाशी, सर्वशक्तिमान, अव्यक्त, इन्द्रियाती और अत्यंत सूक्ष्म हैं। जो अत्यंत निकट रहने पर भी बहुत दूर जान पड़ते हहैं। उनकी अत्यंत छोटी कला से अनेकों नाम रूप के भेदभाव से युक्त ब्रह्मा आदि देवता, वेद और चराचर लोकों की सृष्टि होती है। जैसे धधकती आग से लपटें और प्रकाशमान सूर्य से उनकी किरणें बार-बार निकलती और लीन होती रहती हैं, वैसे ही उन स्वयं प्रकाश परमात्मा से मन, इन्द्रिय और शरीर जो गुणों के प्रवाह के रूप हैं,-बार-बार प्रकट होते तथा लीन हो जाते हैं। वे भगवान न देवता हैं न असुर। न वे मनुष्य हैं न पशु-पक्षी, वे न स्त्री हैं न नपुंसक। वे न साधारण हैं न असाधारण। वे न गुण हैं न कर्म न कार्य और न कारण। सबका निषेध हो जाने पर जो बचा रहता है, वही उनका स्वरूप है तथा वे ही सब कुछ हैं। वे विश्व रहित होने पर भी विश्व के रचयिता और विश्व स्वरूप हैं। साथ ही वे विश्व की अन्तरात्मा के रूप में विश्व रूप सामग्री से क्रीड़ा (लीला) करते हैं। समस्त इन्द्रियों और मन के विषयों के रूप में भी वे प्रतीत हो रहे हैं। उनकी माया (अहंबुद्धि) से आत्मा का स्वरूप ढक गया है इसी से जीव अपने स्वरूप को नहीं जान पाता। वे अनन्त हैं उनकी महिमा अपार है। **क्रमशः**

## ओपिनियन

# भाजपा को बनाए रखना होगा भरोसा

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**करीब 27 सालों के बाद भाजपा ने दिल्ली में सरकार में वापसी की है। अगर भाजपा लंबे समय तक दिल्ली पर शासन करना चाहती है, तो उसे अपनी पिछली गलतियों को दोहराने से बचना होगा। सभी को साथ लेकर चलने से ही दिल्ली का विकास संभव है।**

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की विदाई हो गई और भाजपा को सरकार बनाने के लिए पूर्ण बहुमत मिल गया। 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा में भाजपा को अपने सहयोगी दलों के साथ 48 सीटें मिली हैं, जबकि आम आदमी पार्टी को महज 22 सीटें मिल पाई हैं। 12 साल सरकार में रहने के बाद आम आदमी पार्टी सत्ता से बेदखल कर दी गई है। कांग्रेस का इस बार भी खाता नहीं खुल सका है, जबकि अन्य को भी कोई सीट नहीं मिली है। करीब 27 सालों के बाद भाजपा ने सरकार में वापसी की है। खास बात यह भी है कि आप पार्टी के मुख्यमंत्री पद के दावेदार अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली विधानसभा सीट से चुनाव हार गए हैं। उन्हें भाजपा के प्रवेश वर्मा ने हराया। प्रवेश ने केजरीवाल को हराने का दावा किया भी था, जो उन्होंने अपनी अथक मेहनत के दम पर पूरा कर दिखाया।



अमित बैजनाथ
पत्रकार
@jagrukjanta.net

आप के केजरीवाल सहित कई दिग्गज चुनाव हार गए। इनमें मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और सौरभ भारद्वाज का नाम भी शामिल है। आप की आतिशी जरूर चुनाव जीत गई हैं। उन्होंने भाजपा के रमेश बिधूड़ी को चुनाव में पटखनी दी। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि आम आदमी पार्टी को इस तरह के चुनावी नतीजों की उम्मीद नहीं थी। हालांकि नतीजों के इसी तरह आने के पूर्वानुमान लगाए जा रहे थे। अधिकतर एग्जिट पोल भी भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बना रहे थे। आम आदमी पार्टी को बहुमत नहीं मिलने के पीछे कई कारण रहे। सबसे पहला कारण तो केजरीवाल और पार्टी का अति उत्साह रहा। केजरीवाल ने तो यहां तक कह दिया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें इस जन्म में तो नहीं हरा सकते। हालांकि मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ने वाली भाजपा और मोदी ने उन्हें इसी चुनाव में हरा दिया।

यमुना नदी की सफाई नहीं होना, भ्रष्टाचार का मुद्दा, शराब घोटाला, सीवरेज की समस्या, पीने के पानी की समस्या, सड़कों की समस्या, उपराज्यपाल से अनबन, मोदी को सीधा चैलेंज देना तमाम ऐसे मुद्दे रहे, जो आप की हार का कारण बने। वहीं भाजपा ने पीएम मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ा। भाजपा ने गुटबाजी से बचने के लिए सीएम पद का उम्मीदवार भी घोषित नहीं किया। पीएम मोदी ने दिल्ली को विकास की गारंटी देते हुए सेवा करने का एक मौका मांगा, जिसे दिल्लीवासियों ने इस बार स्वीकार कर लिया। भाजपा को 27 साल बाद दिल्ली में बहुमत मिला है। यह पीएम मोदी के चमत्कारिक राजनीतिक कौशल का कमाल है, जो इस बात का इशारा भी करता है कि उनका जादू अभी खत्म नहीं हुआ है। जनता अभी भी उनकी बातों को गंभीरता से लेती है और उनके फैसलों को सिर माथे पर लगाती है। अब बात करते हैं कांग्रेस की। कांग्रेस इस बार भी दिल्ली में अपना खाता नहीं खोल पाई। आप को समर्थन देने की जगह कांग्रेस ने अपने दम पर चुनाव लड़ा और सभी 70 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे। खास बात यह है कि उसके 67 उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो गई। उसके वोट शेयर में भी कोई खास इजाफा नहीं हुआ। नई दिल्ली सीट से कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को उम्मीदवार बनाया। हालांकि संदीप भी चुनाव हार गए। इतना जरूर कहा जा सकता है कि संदीप को जो वोट मिले, वे केजरीवाल की हार की वजह बने। इस तरह संदीप ने अपनी मां के अपमान का बदला ले लिया, जो केजरीवाल ने कई बार सार्वजनिक रूप से किया था। उन्होंने शीला दीक्षित को भ्रष्टाचारी बताते हुए जेल तक भेजने की बात कही थी, लेकिन वे कभी ऐसा कर नहीं पाए। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि केजरीवाल जिन सबूतों की बात करते थे, असल में वे उनके पास कभी थे ही नहीं। आम आदमी पार्टी की हार और भाजपा की जीत में कई सबक छिपे हुए हैं। दिल्ली के मतदाताओं ने विकास की ओर देखते हुए भाजपा पर भरोसा जताया है। उन्हें इस बात का अहसास हो चुका था कि आम आदमी पार्टी दिल्ली का विकास नहीं कर सकती। 12 सालों तक वह सिर्फ फ्री बिजली और पानी के नाम पर राजनीति करती रही। वह विकास की बात करती थी, लेकिन कभी कर नहीं पाई। वहीं पीएम मोदी ने अपनी सभाओं और भाषणों में दिल्ली के विकास की बात की।

## जागरूक जनता Selfie विद डॉटर



सूर्यांश सिंह भांजा श्याम बीर सिंह, कोटपूतली

### हमे भेजें

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

# पंचांग



ज्योतिर्विद् अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

बुधवार, 12/02/2025

**सूर्योदय** : 07:09 **सूर्यास्त** : 18:12 **चन्द्रोदय** : 18:08 **चन्द्रास्तः** 07:00 **शक सम्वत** : 1946 क्रोधी **अमान्ता महीना** : माघ **पूर्णिमांत** : माघ **सूर्य राशि** : मकर **चन्द्र राशि** : कर्क **पक्ष** : शुक्ल **तिथि** : पूर्णिमा, 19:27 तक **वार** : बुधवार **द्रिक ऋतु** : शिशिर **द्रिक-वैदिक अयन** : उत्तरायण

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : आश्लेषा, 19:35 तक
**योग** : सौभाग्य, 08:05 तक
**प्रथम करण** : बावा, 19:27 तक
**द्वितिय करण** : बालवा, 31:48 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 05:19 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:45 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:27 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 06:07 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 06:09 पी एम से |
| अमृत काल | 05:55 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:09 ए एम, फरवरी 13 से |

### निवास और शूल

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : चन्द्र
भद्रावास : मृत्यु

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 07:08 - 08:31 | उद्वेग : 18:12 - 19:49 |
| अमृत | : 08:31 - 09:54 | शुभ : 19:49 - 21:26 |
| काल काल वेला | : 09:54 - 11:17 | अमृत : 21:26 - 23:03 |
| शुभ | : 11:17 - 12:40 | चर : 23:03 - 00:39 |
| रोग वार वेला | : 12:40 - 14:03 | रोग : 00:39 - 02:16 |
| उद्वेग | : 14:03 - 15:26 | काल : 02:16 - 03:53 |
| चर | : 15:26 - 16:49 | लाभ : 03:53 - 05:30 |
| लाभ | : 16:49 - 18:12 | उद्वेग : 05:30 - 07:07 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज पूर्णिमा

### आज कौन सा कार्य करें

पूर्णमासी को विवाह, शिल्प, मंगल कार्य, संग्राम, वास्तु कर्म, यज्ञ क्रिया, प्रतिष्ठा आदि कार्य कर सकते हैं।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

माघ, शुक्ल, पूर्णिमा, 2081 बुधवार, 12 फरवरी - 18 फरवरी, 2025

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
मानसिक अशान्ति से छुटकारा मिलेगा। परिजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यापार में कुछ तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। बदलते मौसम में सावधान रहें।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
विदेशी भूमि से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। कारोबार के लिये आपको रणनीति बनानी पड़ेगी। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को बड़ा लाभ प्राप्त होगा। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
जल्दी में सभी काम निपटाने की कोशिश करेंगे। प्रेम सम्बन्धों को लेकर भावुक रहेंगे। जॉब को लेकर थोड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। साझेदारी वाले प्रोजेक्ट्स से आपको लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
विचारों की अभिव्यक्ति में खुलेपन के कारण लोग आपके विरोध में आ सकते हैं। किसी भी कार्य को बेमन से न करें। घर में मेहमान आने की सम्भावना है। बौद्धिक कार्यों में आप रुचि लेंगे।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
योजनाओं को सार्वजनिक न करें। वाणी में तीखापन रहेगा। पारिवारिक माहौल सुखमय रहेगा। किसी परिजन के ऊपर आपको धन खर्च करना पड़ेगा। युवा अपने करियर को लेकर काफी गम्भीर रहेंगे।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
विवादित मामलों पर चर्चा करने से बचें। लोग आपके जिद्दी व्यवहार के कारण नाराज हो सकते हैं। क्रोध न करें। पुराने लोन को लेकर परेशानी हो सकती है। विरोधियों को कमजोर समझने की भूल न करें।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
पूर्व के निर्णय आपको लाभ पहुँचायेंगे। छोटे स्तर पर किया गया व्यवसाय लाभप्रद होगा। दूसरों पर निर्भर रहना पड़ेगा। प्रशासनिक अधिकारियों को उत्कृष्ठ कार्यों के लिये पुरस्कार मिल सकता है।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
राजनीति से जुड़े लोगों के लिये सप्ताह बहुत अच्छा है। सम्पत्ति के मामले काफी अनुकूल रहेंगे। संगीत और अभिनय को लेकर आप रुचि ले सकते हैं। स्त्री वर्ग के प्रति आकर्षण का भाव रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
कार्यक्षेत्र में लोग आकर्षित रहेंगे। आपके सुझावों पर अमल करेंगे। धर्म-कर्म में काफी रुचि लेंगे। मित्रों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। ऑनलाइन शॉपिंग में आपको भारी छूट का लाभ मिल सकता है।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
आर्थिक दृष्टिकोण से सप्ताह बहुत ही उत्तम रहने वाला है। शरीर में चुस्ती और स्फूर्ति रहेगी। छोटे-मोटे खर्चों को लेकर अधिक तनाव न लें। व्यापारी वर्ग को कारोबार के नये अनुबन्ध करने पड़ सकते हैं।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
कार्यक्षेत्र में लोग आपके प्रति आकर्षित रहेंगे। लोग आपके सुझावों पर अमल करेंगे। धर्म-कर्म में आप काफी रुचि लेंगे।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
व्यवसायियों की दैनिक आय में वृद्धि की सम्भावना बन रही है। परिवार में आपसी तालमेल बेहतरीन रहेगा। प्रेम सम्बन्धों का तनाव दूर होगा।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में प्रयागराज में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित

# मंदिर भोगराग राशि हुई दोगुनी

## अंशकालीन पुजारियों का मानदेय हुआ 7500 रुपए प्रतिमाह

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** महाकुम्भ में संगम स्थल पर स्नान के बाद प्रयागराज स्थित राजस्थान मंडपम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की गई। 144 वर्ष के अंतराल पर हो रहे महाकुंभ के दौरान आयोजित इस बैठक में देवस्थान विभाग से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय किए गए।

मंत्रिपरिषद की बैठक में देवस्थान विभाग के प्रत्यक्ष प्रभार श्रेणी के 390 मंदिरों एवं आत्म निर्भर श्रेणी के 203 मंदिरों में सेवा पूजा, भोग, प्रसाद, उत्सव, पोशाक, जल एवं प्रकाश, सुरक्षा संचालन



व्यवस्था आदि के लिए भोगराग को दोगुना करते हुए 3 हजार रुपए प्रति मंदिर प्रति माह किए जाने का निर्णय लिया गया। एक और महत्वपूर्ण फैसला करते हुए देवस्थान विभाग में प्रत्यक्ष प्रभार एवं आत्म निर्भर मंदिरों में कार्यरत अंशकालीन पुजारियों को दिए जा रहे मानदेय को 5 हजार रुपए से बढ़ाकर 7500 रुपए प्रतिमाह करने की स्वीकृति प्रदान की गई।

देवस्थान विभाग के प्रबंधित एवं नियंत्रित राजकीय प्रत्यक्ष प्रभार के 6 मंदिरों तथा आत्म निर्भर श्रेणी के 26 मंदिरों के जीर्णोद्धार, मरम्मत एवं विकास कार्यों के लिये 101 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। राज्य के बाहर स्थित देवस्थान विभाग के मंदिरों का सर्वे करवाते हुए इनकी वास्तविक संख्या पता कर इन्हें सूचीबद्ध किया जाएगा। जीर्ण-शीर्ण हो चुके ऐसे मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए 25 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। इन निर्णयों की स्वीकृति भी मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदान की गई।

# परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए विधायक को दिया ज्ञापन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्री रामपुरा ग्रामीण विकास संस्थान श्रीरामपुरा ग्राम पंचायत लाखना सांगानेर द्वारा विधायक कैलाश वर्मा विधानसभा क्षेत्र बगरू को बाला वाला से वाटिका एवं बालावाला लाखना से पहाड़िया तक परिवहन की सुविधा नहीं होने बाबत ज्ञापन दिया गया। समिति अध्यक्ष ललित नारायण शर्मा ने बताया की उक्त मार्ग पर किसी प्रकार की प्राइवेट और राज्य परिवहन की सुविधा नहीं है जिसके कारण आम आदमी को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अतः सांगानेर से वाया बालावाला ग्राम पंचायत लाखना वाटिका तक एवं सांगानेर से वाया बालावाला ग्राम पंचायत लाखना बांसडी जोगियान पहाड़िया तक राज्य परिवहन निगम की मांग की गई। जिसके लिए माननीय विधायक महोदय ने पूर्ण आश्वासन दिया की जल्दी ही ग्रामीण बस लगाई जाएगी। ज्ञापन देने के लिए समिति अध्यक्ष के अलावा समिति संरक्षक बाबूलाल जांगिड़ वरिष्ठ सदस्य राम प्रसाद शर्मा, नाथूलाल शर्मा एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# आवासन मंडल के प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन में दिखा आमजन का उत्साह

## फरवरी माह के प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन के प्रथम स्लॉट में कुल 155 करोड़ रुपये की सम्पत्तियों की हुई ई-नीलामी

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मण्डल की ओर से विभिन्न आय वर्गों के लिए करवाए जा रहे प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन को लेकर आमजन में काफी उत्साह देखने को मिला है। ई-नीलामी में लगभग 155.62 करोड़ की आवासीय व व्यवसायिक सम्पत्तियों का निस्तारण किया गया। इस नीलामी में जयपुर, हनुमानगढ़, भिवाड़ी और भरतपुर में छोटे व बड़े व्यावसायिक एवं आवासीय भूखंड तथा निर्मित फ्लैट शामिल हैं। प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन में ई-नीलामी के तहत कुल 44 सम्पत्तियों के निस्तारण से आवासन मण्डल लगभग 155.62 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित करेगा। जिसके तहत जयपुर से लगभग 132.37 करोड़, भरतपुर से 35 लाख 31 हज़ार ,भिवाड़ी से 6 करोड़ 97 लाख और हनुमानगढ़ से 15 करोड़ 92 लाख की आय आवासन मण्डल को होगी।

### आवासन मंडल है पहली पसंद

**आवासन** आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा ने कहा की राजस्थान आवासन मंडल के प्रति आमजन का विश्वास प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन में भी देखने को मिला है जिससे यह कहा जा सकता है की अपने आवास का सपना साकार करने के लिए आवासन मण्डल आज भी आमजन की पहली पसंद है। मण्डल द्वारा मिशन मोड में संपत्तियां को चिन्हित कर नीलामी के लिए उपलब्ध कराया गया, साथ ही आमजन की सहूलियत के लिए उनकी जीपीएस लोकेशन को भी मंडल की वेबसाइट पर उपलब्ध करवाया गया। इसी के साथ व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया गया जिसके फलस्वरूप अधिक संख्या में लोगों ने इस नीलामी में भाग लिया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी आवासन मण्डल की ओर से इसी तरह की योजनाओं एवं नीलामी कार्यक्रम के जरिये आमजन को लाभ उठाने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है की फरवरी माह का प्रीमियम प्रॉपर्टी ऑक्शन अब 12, 17 से 19 तथा 24 से 27 फरवरी को होगा। ऑनलाइन प्रस्ताव देने के लिए वेबसाइट rhb.rajasthan.gov.in पर पूरी जानकारी उपलब्ध करवा दी गई है।

# श्रीधरी दीदी द्वारा फागोत्सव विशेष सत्संग आयोजित



◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** राधागोविंद पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट जयपुर की अध्यक्षा श्रीधरी दीदी द्वारा 9 फरवरी को जयपुर के मानसरोवर स्थित बेंक्वेट हॉल में फ़ागोत्सव एवं जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज की ज्येष्ठा पुत्री का जन्मोत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। सैंकड़ों भक्त इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। सत्संग का शुभारंभ हरि-गुरु की भव्य महाआरती के साथ हुआ। इसके बाद जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज की प्रचारिका श्रीधरी दीदी ने अपने प्रवचन के माध्यम से गुरु महिमा पर प्रकाश डाला और भक्तों को गुरु सेवा महत्त्व संबंधी एवं होली के संकीर्तन रस में सराबोर किया। फूलों की होली खेलते हुए भक्तजन श्री राधा कृष्ण के प्रेम में रंगे नज़र आये। ट्रस्ट सचिव शरद गुप्ता ने बताया कि होली पर्व पर श्रीधरी दीदी ने विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि भक्त और भगवान के बीच खेली गई प्रेम की होली ही वास्तविक होली है जिस प्रेम का रंग सदा चढ़ा रहता है।

# नित्यानंद त्रयोदशी पर गुप्त वृन्दावन धाम में हुआ गौर निताई का महाभिषेक



**जयपुर @ जागरूक जनता।** नित्यानंद त्रयोदशी पर जयपुर के गुप्त वृन्दावन धाम में भव्य आयोजन किया गया, यह उत्सव नित्यानंद महाप्रभु (जो श्री बलराम के अवतार हैं) के आविर्भाव दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर पूरे गुप्त वृन्दावन धाम की विशेष सजावट की गई, जैसे ही श्री श्री गौर निताई पालकी में सवार होकर निकले, भक्तों ने जयकारे लगाकर मंदिर के पूरे वातावरण को भक्ति रस धारा में डुबो दिया। नित्यानंद त्रयोदशी पर गुप्त वृन्दावन धाम में श्री श्री गौर निताई के विग्रह का पंचगव्य, 21 फलों के रस, औषधियों एवं पुष्पों से महाभिषेक किया गया। इस अवसर पर मंदिर में श्री श्री कृष्ण बलराम का विशेष फूलों से अलंकार किया गया यह अलंकार 5 भक्तों ने मिलकर तीन दिन में तैयार किया और इस विशेष अवसर पर श्री श्री कृष्ण बलराम को 56 भोग लगाया गया। नित्यानंद त्रयोदशी के पर गुप्त वृन्दावन धाम में नित्यानंद कथा का आयोजन किया गया, मंदिर में सुबह से ही हज़ारों लोगों की भीड़ एकत्रित होने लगी, दिन भर मंदिर में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया, सभी बस श्री श्री कृष्ण बलराम के दर्शन करने और उनका आशीर्वाद लेने को उत्सुक थे। प्रभु नित्यानंद के प्राकट्य पर मंदिर के अध्यक्ष श्री अमितासना दास ने सभी भक्तों का हार्दिक आभार व्यक्त किया और अवसर को सफल बनाने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। उन्होंने कहा की नित्यानंद महाप्रभु श्री बलराम के अवतार के और बलराम की कृपा के बिना कृष्ण भक्ति को प्राप्त नहीं किया सकता।

केशव विद्यापीठ : बालिका विद्यालय का वार्षिक उत्सव संपन्न

# बालिका शिक्षा आज की युग की महती आवश्यकता-बिस्सा

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** केशव विद्यापीठ समिति जामडोली द्वारा संचालित ब्रह्मचारी श्री रामानुजाचार्य कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक परिस्थितियों के साथ संपन्न हुआ। वार्षिक उत्सव में प्रतिभाशाली बालिकाओं को पुरस्कार प्रदान किए गए, मुख्य अतिथि से.नि. IAS श्याम सुंदर बिस्सा रहे। बिस्सा ने बताया कि बालिका शिक्षा आज की युग की महती आवश्यकता है। इस क्रम में केशव विद्यापीठ द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के किया जा रहे प्रयास अत्यंत प्रशंसनीय और शोभनीय बताया। केशव विद्यापीठ अध्यक्ष ओ.पी. गुप्ता ने सभी अतिथियों का परिचय कराया और बताया कि एक बेटी पढ़कर दो घरों को रोशन करती है तथा सुसंस्कार युक्त शिक्षा से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। विद्यालय प्रधानाचार्य संतोष कुमार शर्मा ने प्रतिवेदन पेश किया। विद्यालय सचिव डॉ.सरस्वती मित्तल ने सभी अतिथियों का स्वागत स्वागत किया तथा विद्यालय अध्यक्ष आशा गोलछा ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में परिसर स्थित समस्त संस्थाओं के प्राचार्य, आचार्य बंधु- भगिनी, अभिभावक गण एवं अनेक गण मान्य जन भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# देश की आजादी के बाद पहली बार जनगणना तय समय पर नहीं-गहलोत

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केन्द्र भी भाजपा सरकार व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए जनगणना तय समय पर नहीं कराने का आरोप लगाया है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने भारत की करोड़ों गरीब जनता की मांग को संसद में उठाया है।

यह समझ के परे है कि 2021 में प्रस्तावित जनगणना को कोविड का बहाना देकर स्थगित किया गया एवं चार साल बीत जाने के बाद भी जनगणना नहीं करवाई जा रही है। देश की आजादी के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि जनगणना तय समय पर नहीं हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने आगे लिखा कि "जनगणना न होने के कारण सरकारी योजनाओं खासकर खाद्य सुरक्षा योजना की प्लानिंग ठीक से नहीं हो पा रही है। 14 साल पुराने आंकड़ों से बनाई गई योजनाओं के कारण एक बड़ा वर्ग लाभान्वित नहीं हो पा रहा है।

# श्याम पदयात्रियों के लिए रींगस तक बन रहा कॉरिडोर, हादसों पर लगेगा अंकुश



**जयपुर/सीकर @ जागरूक जनता।** जयपुर-चौमूं राजमार्ग पर राजावास क्षेत्र के बडपीपली बस स्टैण्ड से खाटूश्यामजी मोड़ तक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राजमार्ग किनारे खाटूश्याम पदयात्रियों के लिए कॉरिडोर बनाएगा। जहां इसका कार्य लगातार जारी है। सुपरवाइजर सुनील कुमार व टोल आरपीओ अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि खाटूश्यामजी पैदल यात्रा जाने वाले भक्तों के राजमार्ग से गुजरने पर पैरों की हालत खराब हो जाती है। हादसे की भी संभावना बनी रहती है। इसको देखते हुए राजमार्ग के किनारे किनारे जहां अतिक्रमण नहीं है वहां-वहां कॉरिडोर बनाया जा रहा है। जहां कॉरिडोर करीब 10 फुट चौड़ा होगा। कॉरिडोर की चौड़ाई कही ज्यादा कही चौड़ाई जगह के हिसाब से होगी। वहीं सीमेंट की रेलिंग लगाकर उसमें मिट्टी का भराव किया जाएगा। जिससे पदयात्रियों को कोई परेशानी नहीं हो। टोलकर्मियों ने बताया कि इसका काम जोर-शोर से चल रहा है। कॉरिडोर में जगह-जगह पानी का छिड़काव किया जा रहा है व समतल करने का काम किया जा रहा है। जहां जल्द ही कार्य को पूर्ण कर दिया जाएगा। व्यापारियों का कहना है कि पैदल कॉरिडोर के लिए कही चौड़ाई ज्यादा ली जा रही है कही बिल्कुल छोटा सा कॉरिडोर बनाया जा रहा है।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह

# कई देश आयुर्वेद में शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए एनआईए का रुख कर रहे हैं-जाधव

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय,जयपुर के 50वें स्थापना दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य समारोह में प्रतापराव जाधव, माननीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री, बालमुकुन्दाचार्य महाराज, विधायक हवा महल, वैद्य जयंत देव पुजारी, अध्यक्ष, एनसीआईएसएम, प्रो. संजीव शर्मा, कुलपति,एनआईए, प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति, कुलपति राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, भवानी सिंह देथा, प्रमुख सचिव (आयुर्वेद), राजस्थान सरकार, डॉ. मनोज नेसरी, सलाहकार (आयुर्वेद) आयुष मंत्रालय ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य समारोह कार्यक्रम में मंत्री के साथ सभी अतिथियों ने आयुर्वेद चिकित्सा क्षेत्र में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के 14 विभागों द्वारा आमजन के बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में किए गए नवाचार, शोध कार्यों एवं चिकित्सा सुविधाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष मंत्रालय, भारत सरकार प्रतापराव जाधव ने केंद्रीय औषधि परीक्षण सुविधा, माइक्रो सीटी, बायोमेडिकल लैब एवं आईपीआर सेल, एडवांस फिजियोलॉजी लैब, बाल विकास केंद्र, नशा मुक्ति



केंद्र का लोकार्पण किया, एवं 4 पुस्तकों का भी विमोचन किया।

मंत्री ने इस अवसर पर कहा -राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, मानद विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती समारोह के इस यादगार अवसर पर आप सभी के साथ यहां आकर मुझे बहुत प्रसन्नजता हो रही है। आयुष मंत्रालय, आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी और सोवा रिग्पा जैसी प्रणालियों को बढ़ावा दे रहा है। वर्तमान में आधुनिक विज्ञान के मानकों के आधार पर आयुर्वेद के अनुसंधान पर आयुष मंत्रालय द्वारा तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है।

भारत सरकार, आयुष मंत्रालय के माध्यम से आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार और वैश्वीकरण में सराहनीय भूमिका निभा रहा है, आज 150 से भी अधिक देश अपने नागरिकों के कल्याण और स्वास्थ्य के लिए किसी ना किसी रूप में आयुर्वेद दिवस का आयोजन कर रहे हैं तथा इस चिकित्सा प्रणाली का उपयोग कर रहे हैं। 1976 में एक आयुर्वेदिक कॉलेज से यह अब मानद विश्वविद्यालय बन गया है और देश में आयुर्वेद के क्षेत्र में अपनी तरह का पहला विश्वविद्यालय है। कई देश आयुर्वेद में शिक्षा और प्रशिक्षण दिलाने के लिए इस संस्थान की ओर आकर्षित हो रहे हैं लगभग 17 देशों के 80 से भी अधिक विदेशी छात्र हमारे संस्थान में स्नातक, स्नातकोत्तर और पोस्ट-डॉक्टरल कार्यक्रमों में अध्ययनरत हैं। यह विश्व स्तर पर संस्थान की उपस्थिति को दर्शाता हैं।

आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव पदमश्री वैद्य राजेश कोटेचा ने संबोधित करते हुए कहा कि यह संस्थान देश के आयुर्वेदिक शिक्षा के सर्वोच्च संस्थान में से एक है, वर्ष 1976 में आयुर्वेदिक कॉलेज के रूप में शुरू हुआ राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान अब बहुत विकसित हो चुका है और देश में आयुष प्रणाली में अपनी तरह का पहला विश्वविद्यालय होने का गौरव प्राप्त कर चुका है। सबसे पहले मैं इस उपलब्धि को प्राप्त करने पर कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा और उनकी समर्पित टीम को बधाई देता हूँ।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की भूमिका आयुर्वेदिक शिक्षा, अनुसंधान और रोगोपचार व रोगी देखभाल गतिविधियों के क्षेत्र में महत्वपूर्ण है और सर्वांगीण विकास को देखते हुए इसे 2019 में मानद विश्वविद्यालय घोषित हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी द्वारा इस संस्थान को राष्ट्र को समर्पित किया गया, आज इस संस्थान में डिग्री, डिप्लोमा और एक दर्जन से अधिक लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अलावा 14 विषयों में स्नातकोत्तर और पोस्ट-डॉक्टरेट शिक्षण और अनुसंधान कार्य हो रहा हैं। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने कहा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर अपनी उत्कृष्टता के गौरवशाली 50वें वर्ष को स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मनाने रहे है। आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में देश के सर्वश्रेष्ठ संस्थानों में सम्मिलित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय, जयपुर को एनसीआईएसएम द्वारा प्रथम रैंक से सम्मानित किया गया है।

नारायण सेवा संस्थान का 43वां दिव्यांग सामूहिक विवाह

# सजल नयनों से विदा हुईं 51 बेटियां, 102 परिवारों में सजी खुशियों की डोली

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net




**उदयपुर।** नारायण सेवा संस्थान के 43वें दो दिवसीय निःशुल्क सामूहिक दिव्यांग विवाह समारोह में 51 बेटियों ने भावी गृहस्थी के सतरंगी सपने बुनते हुए अपने जीवन साथी के साथ सात फेरे लिए। इन 102 वर - वधुओं के हस्त मिलाप के साक्षी बने देश -विदेश के कन्यादानी, धर्म माता -पिता और सैकड़ों मेहमान ।

प्रातः 9 बजे बाजे -गाजे के साथ नव दांपत्य जीवन में प्रवेश करने जा रहे जोड़ों की बिंदोली निकाली गई, जिसमें घराती - बाराती जमकर नाचे। इस दौरान वर-वधुओं पर पुष्प वर्षा होती रही। इसके पश्चात दूल्हों ने क्रमशः तोरण की रस्म का निभाकर विवाह पांडाल में प्रवेश किया।दुल्हनों को भी श्रीनाथजी की आकर्षक झांकी के साथ एक-एक कर संस्थान निदेशक श्रीमती वंदना अग्रवाल व साधिकाओं के समूह द्वारा पालकी से विवाह स्थल पर लाया गया, जहां पुष्प वर्षा और आकर्षक आतिशबाजी के बीच "श्री रघुवर कोमल नयन को पहनाओ वरमाला" जैसे गीतों की गूंज के साथ वरमाला की रस्म अदा की गई। यह लम्हा न केवल नवदंपतियों के लिए खुशी का मौका था बल्कि हर व्यक्ति को समाज में सहयोग, सद्भावना और सहृदयता का एक संदेश भी था। जब दिव्यांग एवं निर्धन जोड़ों ने आर्थिक और शारीरिक और अक्षमताओं की सीमाओं को तोड़कर समाज के सहयोग से नए जीवन की शुरुआत की। वरमाला की रस्म के दौरान हाथों से अपाहिज कुछ जोड़ों ने पैरों से तो कुछ व्हीलचेयर पर बैठे जीवनसाथी के गले में वरमाला डाली। फेरों की वेला में वैदिक मंत्रो की गूंज और प्रकृति प्रेम व ईश आराधना के दिव्य वातावरण ने अपनी अलग ही छाप छोड़ी। विभिन्न हादसों में अपने हाथ पांव को खोने वाले उन युवक -युवतियों ने मंच पर वॉक कर अपनी आप-बीती को बयां किया।जिनकी संस्थान में हाल ही में नारायण कृत्रिम लिंब लगाए गए हैं।

आरंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि दिव्यांगों के सशक्तिकरण के लिए संस्थान संकल्पबद्ध है। क्योंकि इससे समाज और राष्ट्र की संपन्नता और विकास की संभावनाएं जुड़ी है। संस्थान संस्थापक पद्मश्री अलंकृत कैलाश 'मानव' व सह संस्थापिका कमला देवी ने नवयुगलों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद दांपत्य जीवन की मंगल कामनाएं की।पाणिग्रहण संस्कार के उपरांत जब बेटियों को उनके नए साजन घर के लिए डोली में बिठाकर विदा किया गया तो बेटियों के परिजन ही नहीं दूर-दराज से आए कन्यादानी -धर्म माता-पिता भी बिन जल मछली की तरह तड़प उठे और उन्होंने सजल नेत्रों से डोली उठाकर उन्हें विदा किया।

## रावतसर में कैरियर डे पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित



◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**रावतसर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रावतसर में सोमवार को कैरियर डे पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रधानाचार्य पुष्पा चौधरी ने बताया कि कैरियर डे पर निबंध, क्विज, साक्षात्कार, मांडल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें विधार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितिय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपप्राचार्याचार्य जोगाराम सारण, व्याख्याता घनश्याम सिंह राठौड़,पेपो चौधरी, व्याख्याता अमित पुनिया, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि गेनाराम मेगवाल ने विचार व्यक्त कर विधार्थियों को भविष्य में कैरियर संबंधी विभिन्न संभावनाओं के बारे में अवगत करवाया। इस मौके पर शिक्षक बांकाराम साजटा,श्रवण गोदारा, हेमंत लूखा,डाली चौधरी, राजकुमार बैरड,सहित विधार्थी और ग्रामीण मौजूद रहे। संचालन रमेश ने किया।

# कॅरिअर मेले का हुआ आयोजन

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**गुड़ामालानी।** क्षेत्र के राउमावि पीपराली में कोरिअर डे मेला आयोजित किया गया। जिसमें कई विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को मोटिवेशन कर मार्गदर्शन किया। संस्था प्रधान श्री अशोक विश्नोई ने बताया कि इस मेले में विभिन्न उद्योगों से जुड़े हुए विशेषज्ञ, व्यापारी, समाज,शिक्षा के क्षेत्र के साथ अन्य रोजगार व स्थानीय व्यवसाय से जुड़े लोगो ने विद्यार्थियों को अपने काम काज के बारे में बताया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020को लेकर राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् की ओर से सोमवार को पीओ क्षेत्र के राउमावि पीपराली में कोरियर मेले का आयोजन किया गया। नरेन्द्र कुमार शर्मा ने कृषि क्षेत्र के बारे में विद्यार्थियों के साथ संवाद कर विद्यार्थियों को केरिअर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों को फोन और नशे से दुर रहते हुए समाज सुधारक को लेकर समाज में जागरूकता लाने के लिए समाज में फैल रही कुरीतियों,नशों को जड़ से खत्म कर समाज को नई दशा और दिशा देने के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों को आगे आना चाहिए और ऐसा हर साल कोरिअर मेले का आयोजन होना चाहिए जिससे विद्यार्थियों को अपने उज्वल जीवन में किस प्रकार से आगे बढ़ना चाहिए उसका मार्गदर्शन होता रहे।नौकरी लगे या नहीं लगे लेकिन एक अच्छा इंसान बनना बहुत जरूरी है इस बार का यह मेला बहुत रोचक रहा। मंचसंचालन वरिष्ठ अध्यापक सुमेर सिंह नैन ने किया।इस दौरान इस मेले में उपस्थित ह्यद्रष अध्यक्ष श्री देदाराम पटीर, सहित विद्यालय स्टाफ कई विशेषज्ञ,व्यापारी समाजसेवी,शिक्षाप्रेमी,राजनीतिज्ञ, गणमान्य ग्रामीणजन, स्वयंसेवक, खेल प्रेमी अभिभावकगण और सभी विद्यार्थी मौजूद रहें।

# मंदिरों ने परंपरा, संस्कृति, हमारे मूल्यों के संरक्षण का काम किया-मुख्यमंत्री

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा जिले के दौरे पर रहे, जहां उन्होंने मातृकुंडिया में तेजाजी और मंगलेश्वर महादेव मंदिर के दर्शन करने के साथ ही सभा को भी संबोधित किया, जिसके बाद उन्होंने रावतभाटा में राणा प्रताप सागर व सैडल बांध का अवलोकन कर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित किया। मुख्यमंत्री शर्मा हेलीकाप्टर से मातृ कुण्डिया पहुचे, जहा उन्होंने वीर तेजाजी और मँगलेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन किये, जिसके बाद अखिल मेवाड़ क्षेत्र जाट समाज महासभा संस्थान द्वारा आयोजित पशुपतिनाथ के नव निर्मित मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर आयोजित सभा सी एम पहुचे, जिनका जनप्रतिनिधियों ने मेवाड़ी परम्परा के साथ ही जाट समाज और पदाधिकारियों ने चांदी का मुकुट और हल देकर उनका स्वागत किया गया। सभा को सम्बोधित करते मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर और मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा भारतीय संस्कृति और सभ्यता के अनादिकाल से हिस्सा रही है। मंदिर राजस्थान के प्रतीक होने के साथ ही सामाजिक, सांस्कृतिक चेतनाओं के प्रमुख केंद्र भी है। यहां से हमारे सांस्कृतिक चेतना और संस्कृति का उदय होता है। मंदिरों ने हमारी परंपरा, संस्कृति, हमारे मूल्यों के संरक्षण का काम किया है। मंदिर भारतीय संस्कृति की आत्मा है। मंदिरों और देवालयों के माध्यम से हमारी विरासत को मजबूत करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि मातृकुंडिया बहुत ही पवित्र स्थान है, जहां पहली बार आने पर लगा कि यहां की आभा ही अलग है। यहां का वातावरण ही अलग है। यह बहुत ही पवित्र स्थल है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि मेवाड़ का हरिद्वार कहे जाने वाला यह मातृकुंडिया विशाल जलधारा के लिए जाना जाता है और इसके साथ-साथ यह पुण्य भूमि में आध्यात्मिक और भक्ति की आज एक नई धारा का उद्गम हो रहा है। यही हमारी खासियत है कि हमारी संस्कृति को बढ़ाने के लिए और आगे हमारी विकास की समृद्धि के लिए इससे बढ़िया कोई कार्यक्रम नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि पशुपतिनाथ महादेव मंदिर एक भव्य आस्था स्थल के रूप में उभरेगा, यह क्षेत्र आध्यात्मिक शक्ति के रूप में जाना जाएगा। इस दौरान जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, सहकारिता मंत्री गौतम दक, प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, सांसद सीपी जोशी, विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, डॉ सुरेश धाकड़, श्रीचंद कृपलानी, अर्जुन लाल जीनगर, जिलाध्यक्ष मिठूलाल जाट, जिला कलेक्टर आलोक रंजन, एसपी सुधीर जोशी सहित सभी प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### भविष्य में किसानों को दिन में मिलेगी बिजली

**सीएम** ने कहा की 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में विकास हुआ है, सरकार ने हर क्षेत्र में काम किया है, किसान की जमीन को पानी मिलने से राजस्थान की धरती से सोना मिलेगा। सी एम ने कहा कि पूरे राजस्थान को पानी मिले उसकी व्यवस्था की गई है, किसान को बिजली मिले इसके लिए 2 लाख 24 हजार के एम ओ यू किये गए है, जिससे आने वाले समय में किसानो को दिन में बिजली मिलेगी, युवाओ को 1 लाख नौकरी एक साल में देंगे, किसान के बेटे को रोजगार मिलेगा तो किसान उन्नत होगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने 50 प्रतिशत संकल्प पत्र के काम कर दिए है। मातृ कुण्डिया स्थान को धार्मिक स्थल को पर्यटन सर्किट से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा।

## गोदावास बायोसा धाम पर भजन संध्या आज



**मारवाड़ जंक्शन @ जागरूक जनता।** क्षेत्र के गोदावास में बने मॉ बायोसा माता धाम में वार्षिक भजन संध्या का आयोजन होगा बायोसा माताजी के उपासक प्रतापराम गोयल के सानिध्य में होने वाले भजन संध्या को लेकर तैयारियां पूरी की जा चुकी है भक्ति संस्था का आगाज आज शाम 8 बजे से होगा। जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक रमेश माली एंण्ड पार्टी पाली, मधुबाला राव, महावीर सांखला नागौर, पिंकी गहलोत अजमेर, हेमराज गोयल, मनीष परिहार,पुरण माली, संदीप सेजू दूदोड़, ताराचंद सीरवी गोदावास व मंच संचालक अनिल मारु प्रस्तुति देंगे। भजन संध्या को लेकर पांडाल तैयार किया है। आयोजन को लेकर बायोसा माता के मन्दिर को भी सजाया गया है। माताजी का विशेष श्रृंगार किया गया है आरती पुजारी परिवार व संत महात्माओं की उपस्थिति में होगी।

## एक शाम लता मंगेशकर के नाम कार्यक्रम 15 को

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** युवा लोक कला संस्थान के तत्वावधान में 15 फ़रवरी शाम को गुलशन गार्डन में प्रख्यात पार्श्व गायिका लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर एक शाम लता मंगेशकर के नाम गीतों भरी संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। संरक्षक हेमंत सुहालका ने बताया कि संस्थान द्वारा यह उनकी याद में तीसरा कार्यक्रम होगा। अध्यक्ष के के शर्मा ने बताया कि संस्थान से जुड़े हुए कलाकार और कुछ नवोदित गायक, गायिकाओं द्वारा कार्यक्रम पेश किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ रमेश राव शिंदे ने कहा कि प्रस्तुति देने वाले गायक नियमित रिहर्सल कर रहे है। पद्मेश शर्मा ने बताया कि लगभग बीस गायक गायिकाओं द्वारा करीब तीस लता के गाए एकल एवं युगल गीत गाए जाएंगे। कार्यक्रम 7.30 बजें से प्रारम्भ होगा।

## खेल आत्मविश्वास व अनुशासन जैसे मानवीय गुण विकास में सहायक-आक्या




**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** खेल आत्मविश्वास व अनुशासन जैसे मानवीय गुण विकास में सहायक होते है। खेलो से जीवन में सफलता मिलती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार द्वारा खेलो को बढ़ावा देने के अनेक कार्य किये जा रहे है। विधायक चंद्रभानसिह आक्या तेली साहू समाज की राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रीमीयर लीग 2025 के समापन अवसर पर उपस्थित लोगो को संबोधित कर रहे थे। तेली साहू समाज के प्रदेश महामंत्री देवीलाल जडाणा ने बताया की तीन दिवसीय राज्य स्तरीय तेली साहू समाज क्रिकेट प्रीमियर लीग 2025 में सम्पूर्ण राजस्थान से कुल 16 टीमो ने भाग लेकर अपने खेल कौशल का परिचय दिया। प्रतियोगीता में जयपुर पिंक पेंथर्स विजेता व मेवाड़ क्लब चित्तौडगढ़ उपविजेता रही। समापन अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विधायक आक्या व अतिथियो द्वारा पूर्व नर्सिंग ऑफिसर स्वर्गीय मनोज राठौर की स्मृति में उनके परिवार की तरफ से उपलब्ध कराई गई शील्ड विजेताओ को प्रदान की गई। आभार प्रतियोगिता संयोजक श्रवण कुमार ने व्यक्त किया।

## डॉ. कर्नाटक को जेएनयू जोधपुर के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**उदयपुर।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक को जय नारायण व्यास जोधपुर के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। राज्यपाल राजस्थान के सचिव डॉ पृथ्वी की ओर से जारी पत्र में बताया गया कि डॉ. कर्नाटक जोधपुर विश्वविद्यालय को स्थायी कुलपति मिलने या अग्रिम आदेशों तक वहां की सारी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। गौरतलब है कि डॉ. कर्नाटक ने अपना अतिरिक्त कार्यभार संभाल लिया है। डॉ. कर्नाटक ने एमपीयूएटी के कुलपति रहते हुए विगत दो वर्षो में कई उल्लेखनीय कार्य किये है। इससे पहले आप दो विश्वविद्यालयो वीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार, उत्तराखंड एवं दून विश्वविद्यालय, देहरादून के कुलपति भी रह चुके है। इस दौरान इन्होने अनेको पुस्तिकाएँ व शोध पत्र प्रकाशित किये हैं। उन्होंने तराई क्षेत्र में मधुमक्खी की एपिस मेलिफेरा प्रजाति की स्थापना की और इसकी खेती के लिए प्रबंधन पद्धतियां विकसित कीं, जिससे शहद, मोम और अन्य शहद उत्पादों के उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि हुई है और क्रॉस परागण वाली फसलों में उत्पादकता में भी वृद्धि हुई है।

## सफलता के लिए धैर्य एवं टीम वर्क जरूरी-जोशी

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय और वार्षिक कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर सोमवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने देश के 3 करोड़ से ज्यादा स्कूली छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम लाईव प्रसारण जिला स्तर पर राउमावि सैंती में सांसद सी पी जोशी के मुख्य आतिथ्य में छात्र छात्राओं की उपस्थिति में सुना गया। परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में पीएम ने छात्रों को परीक्षा के तनाव से निपटने, अच्छे अंक लाने और परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के गुर सिखाए। इस अवसर पर सांसद जोशी ने उपस्थित छात्रों को परीक्षा से घबराहट, भविष्य की संभावनाओं और पर्सनल ग्रोथ पर मार्गदर्शन दिया। जोशी ने छात्रों से पी एम मोदी के पूर्व में प्रसारित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रमो को देखने और उन कार्यक्रम से परीक्षा के तनाव को कम करने, दिए गए मंत्रों को अपनाकर एग्जाम संबंध में सुझावों और तनाव कम करने का आव्हान किया। स्वागत समसा एडीपीसी प्रमोद दशोरा, सीबीईओ शम्भु लाल सोमानी, एपीसी योगेश अडानिया, प्रधानाचार्य आशा वर्मा, ज्योति लड्ढा, अनुराधा आर्य ने किया।

मार्बल एसोसिएशन देगा प्रत्येक यात्री को 1000 रुपए

# किशनगढ़-अहमदाबाद हवाई सेवा 1 मार्च से होगी शुरू

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**अजमेर।** 1 मार्च से किशनगढ़ से अहमदाबाद के लिए हवाई सेवा शुरू होगी। डीजीसीए ने इंडिगो एयरलाइंस को अनुमति दी। जल्द ही टाइम शेड्यूल जारी किया जाएगा। इसके साथ ही एक मजेदार बात है कि मार्बल एसोसिएशन प्रत्येक यात्री को एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देगा। इंडिगो एयरलाइंस ने एयरपोर्ट पर अपने ऑफिस आदि को लेकर सोमवार से कवायद शुरू कर दी। अभी तक किशनगढ़ से हिन्डन (दिल्ली), नागपुर, पूना, हैदराबाद और लखनऊ की हवाई सेवा है।

### किशनगढ़ मार्बल एसोसिएशन देगा एक हजार रुपए

**वहीं** किशनगढ़ मार्बल एसोसिएशन भी इस हवाई सेवा को प्रोत्साहित करने के लिए आगे आई है। हवाई यात्रा करने वाले यात्री की ओर से बोर्डिंग पास देने पर एक हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि चेक के माध्यम से दी जाएगी।



### वर्तमान में संचालित विमान सेवा

**किशनगढ़** से हिन्डन (दिल्ली), किशनगढ़ से नागपुर, किशनगढ़ से पूना, किशनगढ़ से हैदराबाद एवं किशनगढ़ से लखनऊ के बीच हवाई सेवा का संचालन हो रहा है।

**इंडिगो** एयरलाइंस कम्पनी के चार पांच सदस्य एयरपोर्ट आए हैं और ऑफिस आदि खोलने की तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। एक मार्च से अहमदाबाद के लिए भी हवाई सेवा शुरू होने जा रही है।
**बी. एल. मीणा,** निदेशक, किशनगढ़ एयरपोर्ट

**किशनगढ़** से अहमदाबाद और अहमदाबाद से किशनगढ़ के बीच हवाई सेवा शुरू होना खुशी की बात है। यात्रियों और हवाई सेवा को प्रोत्साहन के लिए हमने एक हजार रुपए प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रत्येक यात्री को देने का निर्णय किया है।
**सुधीर जैन,** अध्यक्ष, किशनगढ़ मार्बल एसोसिएशन

# झील, जानवर और जंगल के बाद अब 165 हेक्टेयर में बन सकता है पार्क

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**अलवर।** मास्टर प्लान में जयसमंद बांध के पास 165 हेक्टेयर में पार्क प्रस्तावित है। अगर यह बन जाए तो लोगों को एक ही जगह पार्क के साथ झील, जानवर व जंगल का नजारा एक साथ दिखाई देगा। एक साथ चार पर्यटक स्थल होंगे तो अलवर की अर्थव्यवस्था को पंख लग सकते हैं।

### इस तरह दूर होगा पानी का संकट

**शहर** के हर ब्लॉक में पार्क काफी बने हैं, जो वर्षा जल का संचयन करते हैं। वाटर रिचार्जिंग के लिए पार्क अच्छा माध्यम हैं। इसी को देखते हुए मास्टर प्लान में जयसमंद झील के पास 165 हेक्टेयर जमीन क्षेत्रीय पार्क के लिए प्रस्तावित की गई है। यह जमीन पर आएगा तो हर साल करोड़ों लीटर पार्क वाटर रिचार्ज होगा और अलवर में पानी का संकट दूर होगा।

### यहां भी पार्क बनेंगे

**रेलवे** लाइन की पश्चिम दिशा, वेयर हाउसिंग स्कीम, ईटाराणा के उत्तर क्षेत्र में पार्क बनाना प्रस्तावित है। यदि यह पार्क भी जमीन पर आएंगे तो बारिश के पानी का रिचार्ज खूब होगा।

### इस तरह होंगे एक साथ चार पर्यटक स्थल

सरिस्का टाइगर रिजर्व में टाइगर से लेकर पैंथर व अन्य जानवर मौजूद हैं। 200 से ज्यादा पक्षियों की प्रजातियां हैं। हर साल 80 हजार से ज्यादा पर्यटक भ्रमण के लिए आते हैं। जयसमंद झील में बारिश का पानी हर बार आता है। इसको स्टोर करके भविष्य की योजनाओं के लिए सुरक्षित रखने की प्लानिंग है। झील का पानी झरने की तरह गिरेगा। पर्यटकों के बैठने की यहां समुचित व्यवस्था है। एशिया का बड़ा चिड़ियाघर झील के पास ही बनने जा रहा है, जो कटीघाटी को भी कवर करेगा। इसका एरिया 95 हेक्टेयर होगा। इसमें 150 से ज्यादा जानवरों की प्रजातियां होंगी। हर साल 25 लाख से ज्यादा पर्यटकों को यहां खींचेगा। इसके पास 165 हेक्टेयर में क्षेत्रीय पार्क बनेगा, जो प्रदेश का सबसे बड़ा पार्क होगा। इसके लिए जमीन आरक्षित की गई है। बस धरातल पर लाने की जरूरत है। यूआईटी के सेवानिवृत्त एसई धर्मेंद्र शर्मा का कहना है कि एक साथ चार पर्यटक स्थल होंगे, तो यह पर्यटकों को आकर्षित करेंगे। पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी तो अलवर का कारोबार बढ़ेगा। अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। मास्टर प्लान में प्रस्तावित क्षेत्रीय पार्क को जमीन पर लाने के लिए प्रयास शुरू किए जाने चाहिए। चिड़ियाघर के साथ-साथ इसे भी धरातल पर उतारा जाए। यह पार्क बारिश के जल का संचयन करेगा, जिससे पानी संकट दूर होगा।

## गडसीसर पर सजी योगा क्लास, विदेशी मेहमानों ने सीखे योग के गुर

**जैसलमेर @ जागरूक जनता।** मरू महोत्सव 2025 के तीसरे दिन की शुरूआत सेहत, ताजगी से भरे योग के साथ की गई। गडसीसर सरोवर के घाट पर देशी विदेशी मेहमानों ने योग प्रशिक्षकों से योग के गुरू सीखे और अपने मन और तन को तरोताजा किया। इस दौरान बह रही मधुर संगीत स्वर लहरियों ने भी महौल को खुशनुमा बना दिया। सुखासन में बैठे सैलानियों ने प्रमुख रूप से अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, सूर्य नमस्कार सहित कई अन्य आसानों से शरीर और मन को शुद्ध करने की कवायद की।

बेरडॉ का पाना में कॅरिअर मेले का हुआ आयोजन

# विद्यार्थियों को मिला मोटिवेशन, मार्गदर्शन

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net




**गुड़ामालानी।** क्षेत्र के पीईईओ राउमावि हिरानियों की ढाणी बेरडॉ का पाना में कोरिअर डे मेला आयोजित किया गया। जिसमें कई विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को मोटिवेशन कर मार्गदर्शन किया। संस्थाप्रधान लिखमाराम ने बताया कि इस मेले में विभिन्न उद्योगों से जुड़े हुए विशेषज्ञ, व्यापारी, समाज, शिक्षा के क्षेत्र के साथ अन्य रोजगार व स्थानीय व्यवसाय से जुड़े लोगो ने विद्यार्थियों को अपने काम काज के बारे में बताया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020को लेकर राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् की ओर से सोमवार को पीओ क्षेत्र के राउमावि हिरानियों की ढाणी बेरडॉ का पाना में कोरियर मेले का आयोजन किया गया। पूर्व सरपंच खुमाराम बेरड ने बताया कि राजनीति क्षेत्र में भी भाग लेना चाहिए आगे आना चाहिए राजनीति में भी बहुत कुछ सीखने को मिलता है।वक्ता रावताराम गोदारा ने विद्यार्थियों के साथ संवाद कर विद्यार्थियों को केरिअर के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिक्षाप्रेमी, निजी अध्यापक एवं श्री राष्ट्रीय वीर सेना के अध्यक्ष राणाराम बेरड ने भी हर क्षेत्र को लेते हुए बहुत अच्छी ज्ञान और काम की आवश्यक बातें बताई, विद्यार्थियों को फोन और नशे से दुर रहते हुए समाज सुधारक को लेकर समाज में जागरूकता लाने के लिए समाज में फैल रही कुरीतियों, नशों को जड़ से खत्म कर समाज को नई दशा और दिशा देने के लिए विद्यार्थियों और अभिभावकों को आगे आना चाहिए और ऐसा हर साल कोरिअर मेले का आयोजन होना चाहिए जिससे विद्यार्थियों को अपने उज्वल जीवन में किस प्रकार से आगे बढ़ना चाहिए उसका मार्गदर्शन होता रहे।नौकरी लगे या नहीं लगे लेकिन एक अच्छा इंसान बनना बहुत जरूरी है इस बार का यह मेला बहुत रोचक रहा। मंचसंचालन अध्यापक हीराराम ने किया।इस दौरान इस मेले में उपस्थित अध्यापक प्रेमसिंह बेरड, नरपतसिंह राजपुरोहित, दिनेश कुमार शर्मा, मानसिंह चुंडावत, सांवलाराम, पन्नी, लिखमाराम, दीपाराम, अचलाराम, गोविंद, कमलेश, राणाराम बेरड सहित कई विशेषज्ञ, व्यापारी समाजसेवी, शिक्षाप्रेमी, राजनीतिज्ञ, गणमान्य ग्रामीणजन, अभिभावकगण और सभी विद्यार्थी मौजूद रहें।

## प्राकृतिक खेती पर दो दिवसीय संस्थागत प्रशिक्षण आयोजित

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**झालावाड़।** केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, डॉ. टी.सी. वर्मा ने बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ पर प्राकृतिक खेती विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 40 कृषकों ने भाग लिया। इन्होने बताया कि प्राकृतिक खेती मुख्यतः प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर आधारित होती है। वर्तमान समय में जहर व रसायन मुक्त टिकाऊ खेती की नितांत आवश्यकता है। अतः किसानों को इस खेती की छोटे स्तर से पहल करनी चाहिए। ताकि स्वस्थ धरा से ही "स्वस्थ समाज व स्वस्थ राष्ट" के निर्माण की सिद्धी प्राप्त हो सके।

डॉ. एम.एस. आचार्य, पूर्व अधिष्ठाता, उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, झालरापाटन ने प्राकृतिक खेती में पौधों के लिए सम्पूर्ण प्रकार का पोषण किस तरीके व विधि से दिया जाए पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रशिक्षण प्रभारी एवं केन्द्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. सेवा राम रूण्डला ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सैद्धान्तिक व प्रायोगिक कालांशों के माध्यम से करवाया गया। रामकुंवार वर्मा, सहायक निदेशक (कृषि विस्तार), कृषि विभाग, झालावाड़ ने प्राकृतिक खेती पर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं से किसानों को अवगत करवाया।

डॉ. पुष्पेन्द्र खींची, कृषि अनुसंधान अधिकारी, जैविक खेती उत्कृष्ठता केन्द्र, झा.पाटन ने प्राकृतिक खेती में ढैंचा की उपयोगिता बतायी। इसके उपयोग से मृदा में लाभदायक सूक्ष्म जीवों को बढ़ाने में सहायता मिलती है। ढैंचा की हरी खाद मृदा के सम्पूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने में अतुलनीय योगदान देती है।

### वैश्विक शिक्षा, कैरियर अवसर, विदेश में उच्च अध्ययन पर होगी चर्चा

# यूईएम में वैश्विक विश्वविद्यालयों का दौरा आज- प्रो. डॉ. चटर्जी

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

UEM UNIVERSITY OF ENGINEERING & MANAGEMENT
श्रद्धावान लभते ज्ञानम्
Good Education, Good Jobs

**जयपुर।** यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर को दुनिया के कुछ शीर्ष विश्वविद्यालयों के वैश्विक विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों द्वारा बुधवार, 12 फरवरी को यूईएम जयपुर परिसर में आयोजित एक रोमांचक दौरे की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग छात्रों को वैश्विक शिक्षा, कैरियर के अवसरों और विदेश में उच्च अध्ययन के बारे में अमूल्य जानकारी प्रदान करेगा। यह अनूठा अंतर्राष्ट्रीय अनुभव इंजीनियरिंग, प्रबंधन और अन्य प्रासंगिक विषयों के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को उनके अंतिम और पूर्व-अंतिम वर्षों में दुनिया भर के अग्रणी विश्वविद्यालयों के प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने का एक उल्लेखनीय अवसर प्रदान करेगा। साथ ही वैश्विक शैक्षणिक नेताओं से उच्च शिक्षा और कैरियर की संभावनाओं पर व्यक्तिगत मार्गदर्शन, विदेशी विश्वविद्यालयों में एमएस, एमटेक और पीएचडी कार्यक्रम करने के इच्छुक छात्रों के लिए आकर्षक छात्रवृत्ति पाने के अवसर मिलते है।

विजिटिंग यूनिवर्सिटी प्रतिनिधियों में अभ्युदय पाई, यूनिवर्सिटी एट बफ़ेलो, यूएसए में ग्रेजुएट इंटरनेशनल रिक्रूटमेंट के सहायक डीन, आर्टुरास मैकियुनस्कास, इंटरनेशनल स्टूडेंट रिक्रूटर, विल्नियस यूनिवर्सिटी, लिथुआनिया, माइकल बर्क - डायरेक्टर ऑफ इंटरनेशनल स्टूडेंट सर्विसेज, ड्यूक्सने यूनिवर्सिटी, यूएसए, तृप्ति गुरुंग - प्रतिनिधि, जॉर्ज मेसन यूनिवर्सिटी, यूएसए, जैकी हैमिल्टन - कार्यकारी निदेशक, कैट्ज़ स्कूल ऑफ़ साइंस एंड हेल्थ, येशिवा यूनिवर्सिटी, यूएसए, सिमरन जैन - एसोसिएट डायरेक्टर, आईई यूनिवर्सिटी, सुश्री रोशन लालन - ग्रेजुएट प्रोग्राम के लिए रिक्रूटमेंट एडवाइजर, एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी, यूएसए आदि।

वाईस चांसलर प्रो डॉ चटर्जी ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से वैश्विक शिक्षा और कैरियर की संभावनाओं को बढ़ावा मिलता है साथ ही साथ यूईएम जयपुर का उद्देश्य अग्रणी अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ सीधे जुड़ाव की सुविधा प्रदान करके और वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक प्रगति, अनुसंधान सहयोग और कैरियर उन्नति के अवसरों को बढ़ावा देकर छात्रों के क्षितिज को व्यापक बनाना है।

यह यात्रा विश्व स्तरीय शैक्षिक अनुभव और अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक नेटवर्किंग प्रदान करने तथा छात्रों को वैश्विक सफलता के लिए तैयार करने की यूईएम जयपुर की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संगमनगरी (प्रयागराज) दौरा

# राजस्थान मंडपम की सराहना की, महंत नरेशपुरी महाराज का सम्मान



◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**मेहंदीपुर बालाजी।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों एवं विधायकों के साथ प्रयागराज पहुंचे और राजस्थान मंडपम में आयोजित भव्य कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने मेहंदीपुर बालाजी के सहयोग से निर्मित राजस्थान मंडपम की व्यवस्थाओं की प्रशंसा की और इसे राजस्थान की संस्कृति एवं आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यहां चल रहे भंडारे, श्रद्धालुओं के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, गर्म कंबल वितरण एवं अन्य सुविधाओं के लिए बालाजी ट्रस्ट को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह सेवा कार्य श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं और यह पहल राजस्थान की सेवा परंपरा को और मजबूत कर रही है।

गौरतलब है कि मेहंदीपुर बालाजी सेवा शिविर में भी श्रद्धालुओं के लिए भोजन, आवास एवं गर्म कंबल वितरण की यह सेवाएं लगातार जारी हैं। मुख्यमंत्री ने इन सेवाओं को राजस्थान के धार्मिक व सामाजिक सद्भाव का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस विशेष कार्यक्रम में महंत डॉ. नरेशपुरी महाराज की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्हें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शॉल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया, उनके आध्यात्मिक एवं सामाजिक योगदान की सराहना की।

इस अवसर पर राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह, महंत प्रताप पुरी, ओटाराम देवासी सहित कई गणमान्य व्यक्तित्व, समाजसेवी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और सेवा परंपरा की झलक देखने को मिली और श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ इसमें भाग लिया।

### एनसीएम सिटी समिति की बैठक संपन्न

# समिति विकास के लिए नगरपरिषद का असहयोग चिंताजनक-डॉ. सेठिया

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ न्यू क्लॉथ मार्केट निर्माण सहकारी समिति एनसीएम सिटी समिति निदेशक मंडल की बैठक अध्यक्ष डा आई एम सेठिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमे बाजार विकास के लिए पुलिस व यातायात प्रशासन के मुख्य मार्ग से फ्रूट थैला अतिक्रमण हटाने में सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बाजार विकास में जिला कलेक्टर आलोक रंजन के दखल के बावजूद नगर परिषद की अनदेखी पर चिंता व्यक्त करते हुए दुबारा नए प्रशासक तथा आयुक्त से मिलकर बाजार में नाला निर्माण, सड़क व नाली मरम्मत, सुविधागृह बनाने, सुभाष चोक स्थित भूमि पर सहकार भवन नक्शा स्वीकृति करने, पार्क विकास, अतिक्रमण हटाने सहित नियमित सफाई को लेकर दुबारा अवगत कराने का निर्णय किया है। समिति मंत्री सोहन लाल तनवानी के अनुसार कोषाध्यक्ष सुरेश डांगी निदेशक ऋषभ डांगी, प्रकाश पटवारी, पुष्पा देवी सुहालका, मुबारिक हुसैन,कैलाश देवड़ा, नरेश भड़कतिया, नारायण जागेटिया, राजेश पोखरना व कार्यालय सचिव रतन लाल बोहरा के सानिध्य में संपन्न बैठक में सुखाडिया प्याऊ में वाटर कूलर लगाने, राणा सांगा बाजार व मीरा मार्केट सहकारी समिति के निदेशकों के साथ संयुक्त बैठक के जरिए शहर में सहकारिता के माध्यम से विकास की संभावना, लाभांश वितरण, कार्यालय में कंप्यूटर स्थापित करने, स्वर्ण जयंती समारोह आयोजन करने, बाजार निर्देशिका प्रकाशन सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय किए गए। समिति के मंत्री सोहन लाल तनवानी के प्रस्ताव पर सदस्यो की व्यक्तिगत समस्या के समाधान के लिए वाट्स ग्रुप बनाने, सेक्टर अनुसार ग्रुप बैठके आयोजन करने की पहल करने का भी निर्णय किया गया ताकि सदस्यो से राय मशविरा किया जा सके। बैठक का संचालन मंत्री तनवानी ने किया धन्यवाद ज्ञापन कार्यालय सचिव रतन लाल बोहरा ने धन्यवाद ज्ञापित कियागता।

#### 15 को विशेष परिचर्चा

**बैठक** में अर्बन बैंक सहकार फाउंडेशन जनचेतना मंच के बैनर तले आयोजित की जा रही 15 फरवरी शनिवार शाम 4 बजे केंद्रीय बजट पर आयोजित परिचर्चा में भी समिति की सहभागिता निभाने का निर्णय किया गया। परिचर्चा में बजट की आर्थिक समीक्षा विषय विशेषज्ञों के सानिध्य में की जाएगी ।

### अनुसूचित जाति- उप परियोजना के अंतर्गत कृषि सबंधित उपकरणों का वितरण

# महिला कृषकों ने जाना अनाज भंडारण के प्राकृतिक तरीके

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**उदयपुर।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय समन्वित कृषिरत महिला अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत झाडोल-फलासियाके तुरगढ़ गांव में केंद्रीय कृषिरत महिला संस्थान भुवनेश्वर द्वारा अनुसूचित जाति के उप परियोजना के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 5 से 7 फरवरी तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुसूचित जाति के 100 परिवारों में अन्न के भंडारण के लिए एल्युमिनियम की 100 कोठियां वितरित की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ विशाखा बंसल, प्रोफेसर व इकाई समन्वयक, प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन ने अनाज के भंडारण हेतु प्राकृतिक तरीकों के बारे में महिलाओं को जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन आदिवासी जाति के परिवारों को कृषि वैज्ञानिक डॉ. सुभाष चन्द्र मीणा ने खेती बाड़ी की उन्नत तकनीक एवं मृदा स्वास्थ्य के बारे में बताया तथा पशुपालन के विभिन्न गुर सिखाएं। साथ ही कार्तिक सालवी ने भी मृदा संरक्षण तथा मृदा के अपरदन के बारे में तथा मृदा के अनुसार फसल के उत्पादन के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण के तीनों दिनों में कृषि से संबंधित विभिन्न प्रकार के उपकरणों को अनुसूचित जाति के 571 परिवार में वितरित किया गया जिसमें कुल मिलाकर 17 उपकरण जैसे सिंचाई के लिए पाइप, मिल्क कैन, सिलाई मशीन, अजोला बेड, मेटल बकेट, खुरपी, दरांती, गार्डन रेक और स्प्रेयर आदि थे। कार्यक्रम में सहायक कृषि अधिकारी शिव दयाल मीणा ने आदानों के वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ.विशाखा बंसल, इकाई समन्वयक, कृषिरत महिला अनुसंधान परियोजना द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम में डॉ. कुसुम शर्मा, अनुष्का तिवारी, यंग प्रोफेशनल एवं कार्तिक सालवी द्वारा सहयोग दिया गया।

## RS-CSEP बैच का हुआ शुभारंभ

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**करौली।** राजस्थान सरकार के अधिकारिता विभाग द्वारा प्रायोजित मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना 2024 25 के अंतर्गत राजस्थान स्टेट सर्टिफिकेट इन स्पोकन इंग्लिश एंड पर्सनैलिटी डेवलपमेंट बैच का शुभारंभ गणेश गेट चौराहा स्थित DCIT कंप्यूटर इंस्टिट्यूट पर किया गया। संस्थान के डायरेक्टर नवल जाटव ने बताया कि बैच का शुभारंभ वार्ड संख्या 29 के पार्षद कुलदीप धाबई और अरविन्द सिंह धाबई ने फीता काटकर किया। गणेश गेट चौराहा स्थित DCIT कंप्यूटर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर नवल जाटव ने अतिथियों का साफ़ा पहनाकर व फूल माला से स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद कुलदीप ने छात्राओं को संबोधित करते हुए अनुशासन में रहकर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर ट्रेनर राजेन्द्र जांगिड़ एवं स्टाफ के हरकेश मीना, गुंजन शर्मा व प्रशिक्षण लेने वाली छात्राएं मौजूद रहीं।

# विधायक आक्या ने किया नर्बदेश्वर महादेव में खुला बरामदा का लोकार्पण

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**चित्तौडगढ़।** विधानसभा क्षेत्र चित्तौड़गढ़ के ग्राम सोनगर में खटीक समाज के नर्बदेश्वर महादेव में विधायक मद से नवनिर्मित खुला बरामदा कार्य का लोकार्पण विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने मोली बंधन खोलकर किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष भंवर सिंह खरडी बावड़ी व विशिष्ट अतिथि पूर्व मंडल अध्यक्ष नन्द किशोर कोठारी, पूर्व मंडल महामंत्री रामेश्वर धाकड़, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह, सहकारी समिति अध्यक्ष भेरू लाल गुर्जर, पूर्व सरपंच रतन भंवर सिंह सोकियां, पूर्व इकाई अध्यक्ष शंभू लाल धाकड़, सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम धाकड़ थे। इस दौरान विधायक आक्या नर्बदेश्वर महादेव में आयोजित तुलसी विवाह, पंचकुंडीय यज्ञ, स्वर्ण कलश स्थापना कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। उन्होने यज्ञ शाला में खटीक समाज के प्रतिनिधियो के साथ महाआरती में शामील होकर क्षैत्रवासियो की खुशहाली की कामना की। इससे पूर्व समस्त अतिथियो का आयोजन मण्डल के सदस्यो द्वारा साफा पहनाकर एवं उपरणा ओढ़ाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक आक्या ने कहां कि सोनगर पंचायत में पहले भी विकास में कोई कमी नही आने दी एवं भविष्य में भी कोई कमी नहीं आयेगी।

### श्री साकेत पंचांग बूंदी द्वारा आयोजित ज्योतिष महाकुम्भ

# 150 विद्वानों ने किया 3000 से अधिक ज्योतिषी समाधान

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net





**बूंदी।** श्री साकेत पंचांग बूंदी के तत्वाधान में बीते दिनों छोटी काशी ज्योतिष महाकुम्भ का आयोजन हुआ। 'विश्व परिपेक्ष में भारत की भूमिका ग्रह नक्षत्र के अनुसार' आधारित विषय पर ज्योतिषाचार्य, आचार्य और विद्वानों ने अपने-अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए। आचार्य बद्रीनारायण शास्त्री और पंडित भागीरथ जोशी ने इस आयोजन की प्रशंसा की। वहीं, आयोजक जगदीश प्रसाद शर्मा ने कहा कि ज्योतिष को समझने और इसे आत्मसात करने के लिए ब्रह्मज्ञानी बनना पड़ेगा। अपरा काशी से पधारे मनोज कुमार गुप्ता ने शायरी की लाइन 'न पीने का सलीका है और न पिलाने का शऊर, ऐसे लोग भी चले आए हैं मयखाने में' लाइन को दोहराते हुए कहा कि ज्योतिष को हास्यास्पद बनाने वाले बहुत लोग बाजार में आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह विधा दुकान चलाने के लिए नहीं, कल्याण के लिए है। जन्म से लेकर अवसान तक की समस्त जानकारी ज्योतिष में समाहित है। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने कहा कि ज्योतिष के जरिए मार्केटिंग करने वालों को यह सीखना होगा कि इसका उद्देश्य क्या है। उन्होंने कहा कि ज्योतिष साधक के लिए साधना है, लेकिन वर्तमान में इसका स्वरूप और इसके उद्देश्य का परिहास किया जा रहा है। पंडित दीनदयाल शास्त्री के अनुसार कंप्यूटर पर लगन और चार्ट बनाने को उन्होंने ज्योतिष से परे बताया और कहा कि वर्तमान में किसी भी राष्ट्र का भाग्य विदेशी एजेंसियां बना रही हैं। ज्योतिष की कल्पना को पागलपन बताने वालों को भी जगद्गुरु ने अपने संबोधन में लताड़ लगाई। उन्होंने कहा कि ज्योतिष का ज्ञान पराज्ञान है जो कि ब्रह्मज्ञानी ही कर सकता है। अवगुण, दुर्गुण और व्यसन के साथ ज्योतिष समन्वय नहीं हो सकता है।

#### संसार का आत्मचिंतन और दर्शन ज्योतिष से ही संभव-जगदीश प्रसाद

**श्री** साकेत पंचांग के संपादक जगदीश प्रसाद शर्मा ने कहा कि ज्योतिष आत्मचिंतन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस विधा के जरिए दर्शन भी संभव है। उन्होंने कहा कि नवग्रह और 27 नक्षत्र सभी रेखांश और अक्षांश पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि हम आज भी 12 बजे के बाद दूसरे दिन की गणना नहीं करते। सूर्योदय से सूर्योदय के बीच हम दिन में परिवर्तन मानते हैं। उन्होंने कहा कि जिस जातक का जन्म होता है, उसे ही गणना के आधार पर ज्योतिष के माध्यम से भविष्य रचना की जानकारी की जाती है। उन्होंने कहा कि पुरातन काल से ही ज्योतिष की तीन विधा का प्रयोग होता आ रहा है। रमल ज्योतिष के माध्यम से फलादेश, अनुष्ठान आदि की जानकारी चर गणना के माध्यम से की जाती है। इसी तरह विकृति ज्योतिष और कृति ज्योतिष के ज्ञाता भी आज देश में बहुत हैं।ग्रहों की चाल और काल की गणना से ही तय होता है ।

#### ज्योतिष ही विज्ञान

**दीनदयाल** शास्त्री ने कहा कि ज्योतिष विज्ञान है। इसके माध्यम से जातक के 12 घरों में 12 राशियों की ग्रहों की चाल और काल की गणना की जाती है। उन्होंने कहा कि ज्योतिष ऐसी विधा है कि इसके जरिए किसी जातक के भविष्य को बताया जाता है। उन्होंने कहा कि आधुनिकता की आंधी में आज हर कोई ज्योतिषाचार्य बन रहा है, लेकिन वास्तव में देश की इस प्राचीन विधा को सीखने के लिए संस्थानों में जाना होगा। वास्तविक ज्योतिषी ही किसी जातक के बारे में सही जानकारी दे सकता है। उन्होंने कहा कि ग्रह की चाल और काल की गणना ने कई बार देश के भविष्य को बताया है और इसके आधार पर ही राष्ट्र की रक्षा हो सकी है। इस विधा को अधिक से अधिक लोगों को सीखना होगा।

#### ज्योतिषविदों को दिए प्रशस्ति पत्र

**कार्यक्रम** अध्यक्ष श्री साकेत पंचांग के संपादक जगदीश प्रसाद शर्मा ज्योतिष सम्मेलन में शामिल होने आए देश-विदेश के ज्योतिषाचार्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने अपने जीवन के कई संस्मरण जो ज्योतिष से जुड़े हैं, उसे भी सभी के समक्ष रखा। सम्मानित होने वालों में सम्मेलन के संयोजक रमेश गुरु, आचार्य मनोज कुमार गुप्ता, अभिषेक गौतम, गिरधर गौतम, समाज सेवक पुरुषोतम पारीक, भरत शर्मा भाजपा नेता समाज सेवक, पंडित दीनदयाल शास्त्री याज्ञिक सम्राट , आदि शामिल रहे।


## घर मंगवाये जागरूक जनता

**सदस्यता फार्म** दिनांक ....................

**जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।**

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ....................

पता : ....................

....................

फोन .................... पिन कोड

राशि (रुपए) .................... बैंक का नाम ....................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ....................रसीद क्रं. ....................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
सकारात्मक हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

**श्री कृष्णदास कंचन महाराज का जन्मोत्सव 22 फरवरी को**

# उमड़ेंगे श्रद्धालु, होगा चरण पूजन, तैयारियां शुरू



◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**गेहणोली-खटकड़-गोवर्धन।** संत शिरोमणि गोवर्धन पीठाधीश्वर श्रीकृष्णदास कंचन महाराज का प्राकट्योत्सव हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 फरवरी को बूंदी-लाखेरी मार्ग पर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग कंचन धाम एवं गोवर्धन आन्योर स्थित कंचन धाम में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। 22 फरवरी शनिवार को प्रातः 9 बजे से गुरु पूजन (समाधि पर चरण पूजन) प्रारंभ होगा। इस अवसर पर आने वाले भक्तजनों एवं महाराजश्री के दर्शनार्थी श्रद्धालुओं के लिए प्रातः 11 बजे से भंडारा प्रसादी प्रारम्भ हो जाएगा जो देर रात तक जारी रहेगा। इससे पूर्व शुक्रवार को सुन्दरकांड के पाठ आयोजित किए जायेंगे। शनिवार को प्रातः 9 बजे जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसी दिन भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर कंचनधाम में प्रारंभ से ही सेवा में लगे आचार्य गोपाल पाण्डेय और उनके सहयोगी पंडितजन कंचनधाम में कार्यरत है। इसी प्रकार गोवर्धन (आन्योर) स्थित कंचन धाम में भी श्रीकृष्णदास कंचन महाराज का प्राकट्योत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यहां पंडित राकेश पांडे आश्रम में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महाराजश्री के भक्तजन देश के विभिन्न क्षेत्रों से यहां पहुंचते हैं, जिनकी ठहरने और खाने की व्यवस्था कंचनधाम में ही की जाती है।

**माघ पूर्णिमा आज: संगम स्नान के साथ पूरा होगा कल्पवास**

# महाकुंभ में आस्था का सागर



**प्रयागराज @ जागरूक जनता।** महाकुंभ में आस्था का सागर देखने को मिल रहा है। दिन प्रतिदिन आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ती ही जा रही है। वहीं अब माघ पूर्णिमा पर संगम स्नान के साथ महाकुंभ का कल्पवास पूरा होगा। 12 फरवरी को माघ मास की पूर्णिमा पर महाकुंभ के कल्पवास की समाप्ति होगी। माघ पूर्णिमा के दिन कथा, हवन और भोज के साथ कल्पवास का पारण होगा। महाकुंभ में देश भर से आए 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने कल्पवास किया है। पूजन और दान के बाद कल्पवासी अस्थाई आवास त्याग कर अपने घरों की ओर लौटेंगे। कल्पवासी जौं को गंगा जी में विसर्जित करेंगे और तुलसी जी के पौधे को साथ घर ले जाएंगे। ऐसे में 12 फरवरी को माघ मास की पूर्णिमा को लेकर लोगों का सैलाब उमड़ रहा है। आज माघ पूर्णिमा पर करोड़ों लोगों के स्नान करने के लिए व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए है। देश प्रदेश के चारों कोनों से लोग यहां पहुच रहे है।

**प्रधानमंत्री मोदी के पेरिस पहुंचने पर बोले इमैनुएल मैक्रो**

# 'पेरिस में आपका स्वागत, मेरे दोस्त'

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पेरिस आगमन पर राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने खुशी व्यक्त की। इस संबंध में उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने लिखा, "पेरिस में आपका स्वागत है, मेरे दोस्त नरेंद्र मोदी। आपसे मिलकर अच्छा लगा। एआई एक्शन समिट के लिए हमारे सभी भागीदारों का स्वागत है। चलिए अब काम पर लगते हैं।"

### पेरिस एयरपोर्ट पर मोदी का भव्य स्वागत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एआई सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पेरिस पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पेरिस एयरपोर्ट पर पहुंचते ही उनका भव्य स्वागत किया गया। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्शन समिट 2025 के तीसरे संस्करण की सह-अध्यक्षता करेंगे।



### मोदी के सम्मान में एलिसी पैलेस में रात्रि भोज

इस एआई सम्मेलन का आयोजन 11 फरवरी को ग्रैंड पैलेस में किया जाएगा। इससे पहले इस तरह का सम्मेलन ब्रिटेन और साउथ अफ्रीका में भी किया जा चुका है। फ्रांस सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्मान देने के लिए एलिसी पैलेस में रात्रि भोज का भी आयोजन किया था। एलिसी पैलेस में पहुंचते ही फ्रांस के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

### वैश्विक अर्थव्यवस्था के नये आकार हेतु बनेगी रूपरेखा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस सम्मेलन के दौरान शीर्ष नेतृत्व के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर चर्चा करेंगे। इस खास मौके पर वैश्विक अर्थव्यवस्था को भी नया आकार देने की रूपरेखा निर्धारित की जाएगी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा का महत्व फ्रांस द्वारा गर्मजोशी से स्वागत से साफ झलकता है। हवाई अड्डे पर फ्रांस के सशस्त्र बल मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने उनका स्वागत किया।

### रणनीतिक संबंध होंगे मजबूत

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ट्विटर पर जानकारी देते हुए बताया कि पीएम मोदी पेरिस पहुंचे, जहां उन्हें विशेष सम्मान मिला। यह यात्रा भारत-फ्रांस के रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने के प्रयासों का हिस्सा है।

**HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज**

**ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट**

» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in




© 2025 और ट्रेडमार्क Haleon ग्रुप ऑफ कंपनीज के स्वामित्व में हैं या उनके द्वारा लाइसेंस प्राप्त हैं। सभी अधिकार सुरक्षित। भारतीय डेंटल एसोसिएशन सॉफ्ट ब्रिसल ब्रश के उपयोग का सुझाव देता है। https://www.ida.org.in/Public/Details/Brushing रचनात्मक दृश्य। PM-IN-SENO-25-00004

संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

### बोडो, डोगरी, मैथिली, मणिपुरी, उर्दू और संस्कृत सहित छह नई भाषाओं में अनुवाद सेवाओं के विस्तार की घोषणा

# संसद में 6 नई भाषाओं में अनुवाद सेवाओं के विस्तार को मंजूरी

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को संसद में बोडो, डोगरी, मैथिली, मणिपुरी, उर्दू और संस्कृत सहित छह नई भाषाओं में अनुवाद सेवाओं के विस्तार की घोषणा की। सदन को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि पहले, अनुवाद सेवाएं हिंदी और अंग्रेजी के अलावा असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल और तेलुगु सहित 10 भाषाओं में उपलब्ध थीं।

ओम बिरला ने कहा कि अब हमने छह और भाषाओं- बोडो, डोगरी, मैथिली, मणिपुरी, उर्दू और संस्कृत को भी शामिल किया है। इसके साथ ही अतिरिक्त 16 भाषाओं के लिए जैसे-जैसे मानव संसाधन उपलब्ध होंगे हम उनमें भी एक साथ अनुवाद प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। भारत की संसदीय प्रणाली एक लोकतांत्रिक ढांचा है, जो कई भाषाओं में अनुवाद प्रदान करती है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, "जब मैंने वैश्विक स्तर पर चर्चा की कि हम भारत में 22 भाषाओं में यह प्रयास कर रहे हैं तो अंतरराष्ट्रीय मंच पर सभी ने इसकी सराहना की। ओम बिरला ने कहा, हमारा प्रयास है कि जिन 22 भाषाओं को आधिकारिक मान्यता प्राप्त है उन्हें भविष्य में भी शामिल करना हमारा लक्ष्य है।" वहीं, डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने लोकसभा अध्यक्ष की घोषणा पर आपत्ति जताते हुए पूछा कि संस्कृत में एक साथ अनुवाद पर जनता का पैसा क्यों बर्बाद किया जा रहा है, जिसे जनगणना के अनुसार केवल 70,000 लोग बोलते हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत देश के किसी भी राज्य में नहीं बोली जा रही है। दयानिधि मारन ने तर्क देते हुए पूछा कि आपकी आरएसएस विचारधाराओं के कारण करदाताओं का पैसा क्यों बर्बाद किया जाना चाहिए ? इस पर प्रतिक्रिया देते हुए स्पीकर ने उनकी खिंचाई की और पूछा कि वह किस देश में रह रहे हैं ? "यह भारत है, जिसकी "मूल भाषा" संस्कृत रही है इसीलिए हमने सिर्फ संस्कृत नहीं बल्कि 22 भाषाओं का जिक्र किया। आपको संस्कृत से दिक्कत क्यों है?"

# पीएम मोदी 17 फरवरी को कश्मीर घाटी के लिए वंदे भारत ट्रेन का करेंगे उद्घाटन

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 फरवरी को कश्मीर घाटी के लिए वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। इसी के साथ कश्मीर घाटी में रेल सेवा के 70 साल से भी अधिक पुराने सपने को पूरा किया जा सकेगा। पीएम मोदी द्वारा कॉमर्शियल उद्घाटन के साथ, वंदे भारत ट्रेन भारत में अब तक बनी सबसे महत्वाकांक्षी रेलवे परियोजना और दुनिया की कठिन और चुनौतीपूर्ण पटरियों में से एक पर चलेगी।



### चिनाब रेलवे ब्रिज इस सफर को बनाएगा और भी रोमांचक

**जानकारी** के लिए बताना चाहेंगे, उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लिंक परियोजना एक तकनीकी चमत्कार कहलाती है। दरअसल, इसमें न केवल भारत का पहला केबल-स्टेड अंजी खाद पुल जिसकी ऊंचाई 331 मीटर है आता है बल्कि चिनाब रेलवे ब्रिज भी शामिल है। चिनाब रेलवे ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है, जो नदी तल से 359 मीटर ऊपर है। यह ब्रिज दुनिया का सबसे ऊंचा आर्च ब्रिज भी है। यह इस सफर को और भी रोमांचक बनाते हैं।

### दो दर्जन से अधिक छोटी-बड़ी सुरंगें यात्रा में बचाएगी समय

**इसके** अलावा उधमपुर-श्रीनगर-बारामुल्ला रेल लिंक में दो दर्जन से अधिक छोटी और बड़ी सुरंगें शामिल हैं, जो वंदे भारत ट्रेन के लिए यात्रा को छोटा बनाती हैं, जिसे जलवायु-अनुकूल तकनीक के साथ डिजाइन किया गया है।

### ट्रेन में मिलेंगी तमाम सुविधाएं

**इसका** एयर-ब्रेक सिस्टम शून्य से नीचे के तापमान में अधिकतम प्रभावकारिता के लिए अनुकूलित है। इस ट्रेन में पूरी तरह से वातानुकूलित कोच, स्वचालित प्लग डोर, मोबाइल चार्जिंग सॉकेट, भोजन ऑर्डर करने की सुविधा और ड्राइवर की विंडशील्ड के लिए एक विशेष डिफ्रॉस्टिंग मैकेनिज्म सहित कई अन्य सुविधाएं होंगी।

### घाटी और देश के बाकी हिस्सों के बीच रेल संपर्क का सपना होगा साकार

**सोनमर्ग** सुरंग का उद्घाटन करते हुए, पीएम मोदी ने जम्मू और कश्मीर के लोगों से वादा किया था कि वह जल्द ही घाटी और देश के बाकी हिस्सों के बीच रेल संपर्क के सपने को साकार करेंगे।

### सभी मौसमों में रहेगा रेल संपर्क

**सभी** मौसमों में रेल संपर्क के साथ, वर्तमान जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग को प्रभावित करने वाली जलवायु की अनिश्चितताएं अतीत की बात हो जाएंगी। कश्मीर घाटी के लिए ट्रेन पर्यटन, बागवानी, उद्योग, शिक्षा को बढ़ावा देगी और नागरिकों को भी लाभान्वित करेगी।

### दिल्ली से श्रीनगर तक ट्रेन यात्रा 13 घंटे में

**इसके** बाद दिल्ली से श्रीनगर तक ट्रेन की यात्रा में महज 13 घंटे लगेंगे। इसी के साथ कटरा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को उतरने की वर्तमान अनिवार्यता इस वर्ष अगस्त में समाप्त हो जाएगी। वहीं जम्मू में रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण और उन्नयन कार्य अत्याधुनिक वंदे भारत ट्रेन सेवा की आवश्यकताओं के अनुरूप पूरा हो जाएगा।

## भारत व मिस्र की सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास 'साइक्लोन' शुरु

◆ जागरूक जनता
www.jagrukjanta.net

**बीकानेर।** राजस्थान में बीकानेर जिले के महाजन फील्ड रेंज में भारत और मिस्त्र के बीच संयुक्त विशेष बलों का युद्धाभ्यास 'साइक्लोन' का तीसरा संस्करण शुरू हो गया है। रक्षा प्रवक्ता कर्नल अमिताभ शर्मा ने मंगलवार को बताया कि संयुक्त युद्ध अभ्यास 10 फरवरी से शुरु हो गया है जो 23 फरवरी तक चलेगा। साइक्लोन अभ्यास एक वार्षिक कार्यक्रम है, जो बारी-बारी से भारत और मिस्त्र के बीच आयोजित किया जाता है। इस अभ्यास का पिछला संस्करण जनवरी 2024 में मिस्त्र में आयोजित हुआ था।

# काउंट डाउन शुरू, आवेदन फार्म भरने के बाद अब लॉटरी का इंतजार

### गोविंद विहार सबसे हॉट, 202 प्लॉट्स के लिए 1.33 लाख आवेदन

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** लम्बे अर्से बाद जयपुर विकास प्राधिकरण की आवासीय योजना में इस बार बंफर आवेदन आए। तीन आवासीय योजनाओं में से दो आवासीय योजनाओं में आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। अब लॉटरी का काउंट डाउन शुरू हो गया है। एक योजना की लॉटरी में तो बस मात्र तीन दिन शेष रहे हैं। बंफर आवेदन आने से आवेदकों को अब प्लॉट के साथ ही किस्मत की लॉटरी का भी इंतजार हो रहा है।

जेडीए ने इस बार तीन आवासीय योजना गोविंद विहार, अटल विहार व पटेल नगर योजना के लिए आवेदन मांगे। इनमें से गोविंद विहार व अटल विहार में आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। लेकिन पटेल नगर के लिए अभी आवेदन की प्रक्रिया 13 फरवरी तक जारी हैं।

### एक नजर में जाने आवासीय योजना की लॉटरी की स्थिति

**1-अटल विहार आवासीय योजना**
आवेदन मांगे-8 फरवरी तक
कुल भूखण्ड-284
कुल आवेदन आए-83541
लॉटरी की तिथि-14 फरवरी

---

**2-गोविंद विहार आवासीय योजना**
आवेदन मांगे-8 फरवरी तक
कुल भूखण्ड-202
कुल आवेदन आए-133313
लॉटरी की तिथि-20 फरवरी

---

**3-पटेल नगर आवासीय योजना**
आवेदन मांगे-13 फरवरी तक
कुल भूखण्ड-270
कुल आवेदन आए-30276 (मंगलवार दस बजे तक)
लॉटरी की तिथि-24 फरवरी

### राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति 2025-29

# मदिरा दुकानों का अब तक 72 प्रतिशत हुआ नवीनीकरण

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**उदयपुर।** राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 के तहत आबकारी विभाग द्वारा मदिरा दुकानों का बंदोबस्त पारदर्शिता व सरलीकृत व्यवस्वथा के साथ किया जा रहा है। प्रदेश में आबकारी विभाग द्वारा मदिरा दुकानों के नवीनीकरण की प्रक्रिया जारी है अब तक 72 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। अनुज्ञाधारियों के विश्वास व उत्साह के मद्देनजर पुरानी मदिरा दुकानों के लिए नवीनीकरण की अंतिम तिथि 12 फरवरी तक संभवतया 90% से अधिक नवीनीकरण कर लिया जाएगा। आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के अनुसार राजस्थान आबकारी एवं मद्यसंयम नीति वर्ष 2025-29 के तहत पुरानी मदिरा की दुकानों के नवीनीकरण की प्रक्रिया के तहत अनुज्ञाधारियों में खासा उत्साह है। प्रदेश में 7665 मदिरा दुकानों में से अब तक 5490 मदिरा की दुकानों का नवीनीकरण करते हुए 72 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा पहली मर्तबा फरवरी माह में ही संभवतया मदिरा दुकानों के रिन्यूअल का 90% से अधिक लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि मदिरा दुकानों के नवीनीकरण अथवा रिन्यूअल अंतिम दिन 12 फरवरी तक किया जाएगा। नवीनीकरण से शेष रही दुकानों का समूहवार ऑनलाईन नीलामी, ई-बिड द्वारा आवंटन का प्रावधान है।

### इंडिया एनर्जी वीक 2025 में पीएम मोदी ने कहा...

# भारत विकास और पर्यावरण दोनों को समृद्ध करने के लिए प्रतिबद्ध

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस की दो दिवसीय यात्रा के दौरान वर्चुअली 'इंडिया एनर्जी वीक 2025' को संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी भारत की सदी है। भारत केवल अपनी नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की विकास यात्रा को गति दे रहा है, और इसमें ऊर्जा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा महत्वाकांक्षाएं पांच स्तंभों पर आधारित हैं। संसाधनों का कुशल दोहन, नवाचार को बढ़ावा, मजबूत अर्थव्यवस्था और स्थिर राजनीतिक स्थिति, रणनीतिक भौगोलिक स्थिति और वैश्विक स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता।



### भारतीय रेलवे को नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाने का लक्ष्य

पीएम मोदी ने कहा कि भारत 2030 तक 500 गीगावॉट अक्षय ऊर्जा क्षमता जोड़ने, भारतीय रेलवे को नेट ज़ीरो कार्बन उत्सर्जन की ओर ले जाने और हर साल 50 लाख मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य रख रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ये लक्ष्य महत्वाकांक्षी लग सकते हैं, लेकिन पिछले 10 वर्षों में भारत ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे इन लक्ष्यों को प्राप्त करने की क्षमता को दर्शाती हैं।

### भारत ने किया 10 वर्षों में 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सफर तय

प्रधानमंत्री ने भारत की आर्थिक प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि देश ने पिछले 10 वर्षों में दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सफर तय किया है। भारत की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता 32 गुना बढ़ी है, जिससे देश दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक बन गया है। गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता भी तीन गुना बढ़ी है।

### भारत पेरिस समझौते के लक्ष्यों को समय पूर्व पूरा करने वाला पहला जी-20 देश बना

मोदी ने कहा कि भारत पेरिस समझौते के लक्ष्यों को समय से पहले पूरा करने वाला पहला जी-20 देश है। उन्होंने इथेनॉल सम्मिश्रण की सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि आज भारत में 19 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण किया जा रहा है, जिससे विदेशी मुद्रा की बचत हुई है, किसानों की आय बढ़ी है और कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है। भारत अक्टूबर 2025 से पहले 20 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत के नेतृत्व में बने 'ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस' से 28 देश और 12 अंतरराष्ट्रीय संगठन जुड़ चुके हैं।

### भारत अपने हाइड्रोकार्बन संसाधनों की संभावनाओं को पूरी तरह से तलाशने में जुटा

पीएम मोदी ने कहा कि भारत अपने हाइड्रोकार्बन संसाधनों की संभावनाओं को पूरी तरह से तलाशने के लिए सुधार कर रहा है। बड़ी खोजों और गैस बुनियादी ढांचे के विस्तार के कारण भारत का गैस क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में भारत दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनिंग हब है और सरकार इसे 20 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए प्रयासरत है।

### भारत पेट्रोलियम भंडार बनाए रखने के लिए कई नीतिगत सुधार किए हैं

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की तलछटी घाटियों (सेडीमेंटरी बेसिन) में कई हाइड्रोकार्बन संसाधन हैं, जिनमें से कुछ की खोज हो चुकी है और कुछ की खोज बाकी है। सरकार ने 'ओपन एकरेज लाइसेंसिंग पॉलिसी' बनाई है, जिससे अपस्ट्रीम सेक्टर अधिक आकर्षक हुआ है। सरकार ने समुद्री क्षेत्र में तेल और गैस संसाधनों की खोज, उत्पादन और रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार बनाए रखने के लिए कई नीतिगत सुधार किए हैं।

### निवेशकों को ऊर्जा के क्षेत्र में अपार संभावनाओं का लाभ उठाने का आह्वान

मोदी ने कहा कि भारत में पाइपलाइन बुनियादी ढांचे में वृद्धि के कारण प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ रही है और भविष्य में इसका उपयोग और बढ़ेगा। उन्होंने निवेशकों को ऊर्जा क्षेत्र में अपार संभावनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 'मेक इन इंडिया' और स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला को बढ़ावा देने के तहत भारत में फोटोवोल्टिक (पीवी) मॉड्यूल और अन्य हार्डवेयर के निर्माण की विशाल संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि भारत की सौर पीवी मॉड्यूल निर्माण क्षमता पिछले दस वर्षों में 2 गीगावॉट से बढ़कर 70 गीगावॉट हो गई है।

### ऊर्जा भंडारण क्षमता के क्षेत्र में नवाचार और निर्माण की अपार संभावनाएं

प्रधानमंत्री ने कहा कि बैटरियों और ऊर्जा भंडारण क्षमता के क्षेत्र में नवाचार और निर्माण की विशाल संभावनाएं हैं। भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी की ओर तेजी से बढ़ रहा है, और बैटरियों की मांग को पूरा करने के लिए ऊर्जा भंडारण क्षेत्र में तेजी से काम करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के बजट में ग्रीन एनर्जी को समर्थन देने के लिए कई घोषणाएं की गई हैं। सरकार ने ईवी और मोबाइल फोन बैटरियों के निर्माण से जुड़ी कई सामग्रियों को बेसिक कस्टम ड्यूटी से मुक्त कर दिया है, जिससे इस क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। पीएम मोदी ने 'राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भारत में एक सशक्त आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सरकार गैर-लिथियम बैटरी पारिस्थितिकी तंत्र को भी बढ़ावा दे रही है और इस साल के बजट में न्यूक्लियर ऊर्जा क्षेत्र को भी निजी निवेश के लिए खोला गया है।

### ऊर्जा क्षेत्र में हर निवेश युवाओं के लिए नई नौकरियां पैदा कर रहा है

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में हर निवेश युवाओं के लिए नई नौकरियां पैदा कर रहा है और ग्रीन जॉब्स के अवसर बना रहा है। सरकार जनता को ऊर्जा क्षेत्र से जोड़कर इसे और मजबूत बना रही है। उन्होंने 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे सौर क्षेत्र में नई स्किल्स विकसित हो रही हैं, नया सेवा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार हो रहा है और निवेश की संभावनाएं बढ़ रही हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत ऐसे ऊर्जा समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध है, जो देश की विकास यात्रा को ऊर्जा प्रदान करें और पर्यावरण को भी समृद्ध करें। 'इंडिया एनर्जी वीक' इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल करेगा और दुनिया भर के निवेशक भारत में उभरते अवसरों का लाभ उठाएंगे।



# 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए देश में विश्व स्तरीय शिक्षा की जरूरत - नीति आयोग

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने 'राज्यों और राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों के ज़रिए गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का विस्तार' शीर्षक से एक पॉलिसी रिपोर्ट जारी की है। यह उच्च शिक्षा क्षेत्र में अपनी तरह का पहला नीति दस्तावेज है, जो खासकर राज्यों और राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालयों (एसपीयू) पर केंद्रित है। नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए देश में विश्व स्तरीय शिक्षा के जरूरत होगी। यह रिपोर्ट सोमवार को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, नीति आयोग में सदस्य (शिक्षा) डॉ. विनोद कुमार पॉल, नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम, उच्च शिक्षा विभाग सचिव विनीत जोशी और एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) महासचिव डॉ. पंकज मित्तल द्वारा जारी की गई।

यह पिछले दशक में विभिन्न विषयों पर गुणवत्ता, वित्तपोषण, प्रशासन और रोजगार के महत्वपूर्ण संकेतकों पर विस्तार से परिमाणात्मक विश्लेषण प्रदान करता है। रिपोर्ट 20 से अधिक राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उच्च और तकनीकी शिक्षा विभागों के राज्य सरकार के अधिकारियों, कुलपतियों और 50 एसपीयू के वरिष्ठ शिक्षाविदों और कई राज्य उच्च शिक्षा परिषदों के अध्यक्षों के साथ आयोजित व्यापक चर्चाओं के मिली विशेष जानकारियां मुहैया कराती है।

### एसपीयू को भी उच्च मानकों के लिए कोशिशें करनी चाहिए

इस मौके पर नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने कहा कि कई वैश्विक शिक्षा प्रणालियों में, सार्वजनिक विश्वविद्यालय उत्कृष्टता के मानक स्थापित करते हैं, जैसा कि अमेरिका और ब्राजील में देखा गया है। भारत में चूंकि आईआईटी जैसे संस्थान हैं, एसपीयू को भी उच्च मानकों के लिए कोशिशें करनी चाहिए।

### रिपोर्ट में शामिल सिफारिशों को केंद्र और राज्य सरकार के मंत्रालय उत्साहपूर्वक आगे बढ़ाएंगे

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार, नीति आयोग की भूमिका शोध के ज़रिए साक्ष्य तैयार करना है, जबकि कार्यान्वयन मंत्रालय की जिम्मेदारी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि रिपोर्ट में शामिल सिफारिशों को केंद्र और राज्य सरकार के मंत्रालय उत्साहपूर्वक आगे बढ़ाएंगे।

### एसपीयू में सुधार करना बेहद ज़रूरी

वहीं, नीति आयोग के सदस्य डॉ. विनोद कुमार पॉल ने रिपोर्ट को एनईपी के कार्यान्वयन और विकसित भारत 2047 के लिए भारत के दृष्टिकोण के संदर्भ में रखा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चूंकि भारत की 80 प्रतिशत उच्च शिक्षा एसपीयू में प्राप्त हो रही है, मानव पूंजी बनाने और भारत को एक ज्ञान केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए उनमें सुधार करना बेहद ज़रूरी हो जाता है।

### उच्च शिक्षा प्रणाली में छात्रों का नामांकन को करीब 9 करोड़ तक पहुंचाना है

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने ज़ोर देते हुए कहा कि 2035 तक, एनईपी 2020 का लक्ष्य, उच्च शिक्षा प्रणाली में छात्रों का नामांकन दोगुना करते हुए इसे करीब 9 करोड़ तक पहुंचाना है। इनमें से लगभग 7 करोड़ एसपीयू में पढ़ाई जारी रखेंगे। इसलिए, यह बेहद ज़रूरी है कि ये विश्वविद्यालय केवल उच्च शिक्षा तक पहुंच बनाने पर ध्यान केंद्रित ना करते हुए, 2047 तक विकसित भारत बनने के दृष्टिकोण को मज़बूती देने के लिए ज़रूरी उच्च गुणवत्ता वाले मानव संसाधन तैयार करने के लिए भी विश्व स्तरीय उच्च शिक्षा प्रदान करने पर ज़ोर दें। उन्होंने रिपोर्ट को नीति आयोग की बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया, जो भारत के उच्च शिक्षा के परिदृश्य को बदलने में एनईपी 2020 का पूरक होगी।

---

**विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने पण्डित उपाध्याय को अर्पित किये श्रद्धा सुमन**

## पं. उपाध्याय का दर्शन युवा, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिज्ञों के लिए प्रेरणादायक-देवनानी



◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि पण्डित उपाध्याय ने राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र के भविष्य की संकल्पना के लिए गहन चिन्तन किया। पण्डित उपाध्याय ने विकास का आधार एकात्ममानव दर्शन बताया है। देवनानी ने कहा कि पण्डित उपाध्याय का दर्शन युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और राजनीतिज्ञों के लिए प्रेरणादायक है। धानक्या की इस पवित्र भूमि पर राष्ट्वाद से प्रेरित इस कार्यक्रम में कुशाग्र बुद्धि वाले पण्डित उपाध्याय जी की प्रतिमा के सामने खडे होने पर ही उनके अभूतपूर्व जीवन का सम्पूर्ण चित्र उभरकर आ जाता है। समाज सेवा के पथ प्रदर्शक, राजनीति के आदर्श, अदभुत व्यक्तित्व , चिंतन, बुद्धि कौशल, नेतृत्व और सांगठनिक क्षमता के धनी पण्डित उपाध्याय ने लगातार समाज को नई दृष्टि देकर समाज को जगाने का कार्य किया।

विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने मंगलवार को धानक्या में स्थित पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक स्थल पर पहुँचकर पण्डित जी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें स्मरण किया। श्री देवनानी ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति द्वारा आयोजित पण्डित उपाध्याय की 57वीं पुण्यतिथि के अवसर पर नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ किया। श्री देवनानी ने पण्डित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक स्थल से संबंधित चित्रों की प्रदर्शनी का भी फीता खोलकर उदघाटन किया। देवनानी ने कहा कि पण्डित उपाध्याय ने राष्ट्र सेवा को ही अपने जीवन का ध्येय बनाया। मोमबत्ती और लालटेन की रोशनी में अध्ययन करने वाले पण्डित उपाध्याय ने पांचजन्य , स्वदेश, राष्ट्रधर्म जैसे समाचार पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से राष्ट्रीय जागरण और राष्ट्रीय विचारों का प्रचार-प्रसार किया। श्री देवनानी ने कहा कि पण्डित उपाध्याय ने भारत की कृषि प्रधान अर्थ व्यवस्था को सुदृढ करने के लिए विकेन्द्रीकृत राजनीति और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था को केन्द्र में रखकर आधुनिक तकनीको को शामिल करने का सुझाव दिया।

देवनानी ने कहा कि पण्डित उपाध्याय की पुण्यातिथि पर हम सभी को उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को प्रथम रखकर उन्नत, विकसित और समृद्ध भारत को निरन्तर आगे बढाने के लिए हम सभी को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। पण्डित उपाध्याय की एक देश एक विचार की संकल?पना में अखण्ड भारत के निर्माण में सभी को साथ मिलकर चलना होगा। महान चिन्तक, विचारक और अन्तोदय व एकात्ममानववाद के प्रणेता पण्डित उपाध्याय के आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर हम राष्ट्र को नई दिशा देने में भागीदार बन सकते है।

देवनानी ने नेत्र चिकित्सा शिविर में ईलाज लेने आए बुजुर्गों से बातचीत की और उनके हाल चाल पूछे। इस मौके पर विधायक गोपाल शर्मा, समारोह समिति से जुडे कैलाश चन्द्र , शंकर, एम.एल. छीपा सहित अनेक गणमान्यजन मौजूद थे।

**देवनानी की कर्नल राठौड के निधन पर संवेदना**

### भारत माता की सेवा में समर्पित रहा स्व. राठौड का जीवन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड के निवास पर पहुँचकर उनके दिवंगत पिता कर्नल लक्ष्मण सिंह राठौड के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। देवनानी ने उद्योग मंत्री राठौड को ढांढस बंधाया और शोक संतप्त परिवारजन के प्रति संवेदना व्यक्त की। देवनानी ने कहा कि स्व. कर्नल लक्ष्मण सिंह राठौड का पूरा जीवन भारत माता की सेवा को समर्पित रहा। जांबाज सैनिक के रूप में पाकिस्तान की साम्प्रदायिक शक्तियों के खिलाफ उनका अपूर्व शौर्य प्रदर्शन गौरवशाली मिशाल रहा है। सच्चे देशभक्त के रूप में स्व. राठौड को सदैव याद रखा जाएगा। राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित स्व. राठौड का जीवन युवाओं में देश भक्ति की भावना का विकास करने के लिए प्रेरणादायी है। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दु:ख को सहन करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की है।

---

## मरु-महोत्सव में छाया BSF का कैमल टैटू शो, एयर वॉरियर्स ड्रिल ने किया रोमांचित

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जैसलमेर।** राजस्थान के जैसलमेर में चल रहे मरु-महोत्सव के तीसरे दिन मंगलवार को गड़ीसर झील पर राजस्थानी लोक संगीत की सुरलहरियों के बीच योग सत्र का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इसके बाद डेडानसर मैदान में ऊंटों से जुड़े रोमांचक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में सीमा सुरक्षा बल का कैमल टैटू शो मुख्य आकर्षण रहा। इसमें ऊंटों के अद्भुत करतब देखने को मिले। इसके अलावा ऊंट श्रृंगार प्रतियोगिता, शान-ए-मरुधरा स्पर्धा, कैमल पोलो मैच, पणिहारी मटका दौड़ और ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

शान-ए-मरुधरा प्रतियोगिता में सबसे पहले दौड़ते हुए कपड़े पहनने पड़ते हैं। इसके बाद ऊंट को तैयार किया जाता है। जो सबसे पहले ऊंट को तैयार कर खड़ा कर देता है।उसे विजेता घोषित किया जाता है।

इसके साथ देसी और विदेशी महिलाओं की रस्साकशी की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। वहीं देसी और विदेशी पुरुषों के बीच भी यही कॉम्पिटिशन हुआ। इसके बाद भारतीय वायुसेना की ओर से एयर वॉरियर्स ड्रिल का आयोजन हुआ। इस ड्रिल में वायुसेना के जवानों ने बंदूक के साथ परफॉर्म किया, जिसमें आपसी तालमेल और सामंजस्य का शानदार प्रदर्शन किया।

## सैनिक स्कूल में अन्तर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** सैनिक स्कूल में अन्तर सदनीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन स्कूल के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटियाउप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल पारुल श्रीवास्तव एवं प्रशासनिक अधिकारी मेजर सी श्रीकुमार के निर्देशन में किया गया। स्कूल के शंकर मेनन सभागार में आयोजित हुई इस इस अंतर सदनीय प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि स्कूल के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया थे। मुख्य अतिथि का स्कूल के सीनियर मास्टर ओंकार सिंह ने स्वागत किया। स्कूल के जनसंपर्क अधिकारी बाबूलाल शिवरान ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में ज्ञानवर्धन, बौद्धिक क्षमता और टीमवर्क को बढ़ावा देना था। छात्रों ने अत्यधिक उत्साह और जोश के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कुल नौ सदनो की टीमों ने भाग लिया। प्रत्येक सदन से दो-दो छात्र टीम का हिस्सा थे। प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकीरक्षाश्रव्य-दृश्यइतिहास एवं भूगोल सहित कुल छरू राउंड हुए। प्रतियोगिता में हमीर हाउस प्रथमकुम्भा हाउस द्वितीय एवं बादल हाउस तृतीय स्थान पर रहा। मंच का संचालन प्रतियोगिता के सयोंजक बी बी व्यास ने एवं संगणक का कार्य गणित अध्यापक दिनेश कुमार शर्मा ने किया। अंत में मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से छात्रों में ज्ञान के साथ-साथ उत्साह व आत्मविश्वास बढ़ता है।

---

**कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर में तृतीय कुलपति चल वैजयंती खेलकूद प्रतियोगिता का दूसरा दिन रोमांचक रहा**

## खेल अनुशासन, परिश्रम और टीम वर्क का प्रतीक-डॉ. बलराज



◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**जोबनेर।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर में आयोजित तीन दिवसीय तृतीय कुलपति चल वैजयंती खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। दिनभर चले मुकाबलों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा, जिसमें वॉलीबॉल, कबड्डी, दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक और बैडमिंटन जैसे खेलों में कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि खेलों से अनुशासन, परिश्रम और टीम वर्क की भावना विकसित होती है। उन्होंने कहा कि खेल मैदान में किया गया प्रयास जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की ओर ले जाता है।महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एम आर चौधरी ने बताया कि महाविद्यालय में सभी खिलाड़ियों में खेलो को लेकर काफी उत्साह दिखाई दे रहा हैं व सभी खेल शांतिपूर्वक तरीके से हो रहे हैं।

### रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों का दमखम

**खेल** सचिव डॉ बसंत कुमार भींचर व आयोजक सचिव डॉ नरेंद्र ने बताया कि फुटबॉल मुकाबले में भी जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। सेमीफाइनल मैच में कृषि महाविद्यालय जोबनेर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सीओए भरतपुर, भुसावर को हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। 100 मीटर रिले महिला वर्ग में सीओए जोबनेर ने प्रथम व सीओए लालसोट ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान रारी दुर्गापुरा ने प्राप्त किया व द्वितीय स्थान सीओए दौसा ने प्राप्त किया।

» लंबी कूद और ऊँची कूद में खिलाड़ियों ने अपनी क्षमताओं का परिचय दिया। ऊँची कूद महिला वर्ग में सुमन ढाका (रारी दुर्गापुरा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व सुमन जाट (सीओए जोबनेर) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा पुरुष वर्ग में सुरेंद्र कुमार (रारी दुर्गापुरा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व उदय सिंह (सीओए दौसा) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

» जबकि लंबी कूद में महिला वर्ग में निशा शर्मा (रारी दुर्गापुरा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व सुमन ढाका (रारी दुर्गापुरा) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान सुरेंद्र (रारी दुर्गापुरा) ने प्राप्त किया व द्वितीय स्थान आत्माराम मीणा (सीओए दौसा) ने प्राप्त किया।

» गोला फेक प्रतियोगिता में महिला वर्ग में प्रथम स्थान पुष्पा कुमारी (सीओए जोबनेर) ने प्राप्त किया व द्वितीय स्थान निशा शर्मा (रारी दुर्गापुरा) ने प्राप्त किया पुरुष वर्ग में उदय सिंह (सीओए दौसा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व राजेंद्र दोडवाडिया (सीओए जोबनेर) ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

» डिस्कस थ्रो में महिला वर्ग में प्रथम स्थान मंजू चौधरी (सीओए दौसा, अजमेर, टोंक) ने प्राप्त किया तथा पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान हनुमान चौधरी (रानी दुर्गापुरा) ने प्राप्त किया व तृतीय स्थान राजेंद्र दोदवाडिया (सीओए जोबनेर) ने प्राप्त किया।

» भाला फेंक प्रतियोगिता में महिला वर्ग में प्रथम स्थान कल्पना पटेल (सीओए कोटपूतली) ने प्राप्त किया व द्वितीय स्थान गुंजन शर्मा (सीओए लालसोट) ने प्राप्त किया तथा पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान अजय जाजोरिया (सीओए कोटपूतली) ने प्राप्त किया व द्वितीय स्थान दीपक मीणा (सीओए भुसावर) ने प्राप्त किया।

» वॉलीबॉल में सीओए जोबनेर ने सीओए दौसा को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई तथा सीओए कोटपूतली ने सीओए अलवर को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सीओए अलवर ने सीओए भुसावर को करारी मात दी।

---

**ऐतिहासिक महाकुंभ में ऐसा पहली बार हुआ: अखाड़े ने बनाया श्रील प्रभुपाद को विश्व गुरु**

# सनातन ध्वजवाहक स्वामी श्रील प्रभुपाद बने विश्व गुरु

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर/ प्रयागराज।** इस्कॉन और विश्वव्यापी हरे कृष्णा आंदोलन के संस्थापक एवं आचार्य श्री कृष्ण कृपामूर्ति ए.सी. भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद को ऐतिहासिक महाकुंभ के पावन अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने पहली बार 'विश्व गुरु' की उपाधि से सम्मानित किया। विश्वगुरु पट्टाभिषेक कार्यक्रम निरंजनी अखाड़ा के परिसर में नित्यानंद त्रयोदशी के पवन तिथि के अवसर में सम्पन्न हुआ। यह उपाधि श्रील प्रभुपाद को दुनिया भर में लाखों-करोड़ों अनुयायियों को सनातन धर्म से जोड़ने एवं इस्कॉन के प्रति देश-विदेश में उमड़ी श्रद्धा को देखते हुए दी गई।

निरंजनी पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी कैलाशनंद गिरी महाराज, श्रीमहंत रवींद्र पूरी जी महाराज अध्यक्ष अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, आचार्य महामंडलेश्वर अवधूत अरुण गिरी जी श्री आवाहन अखाड़ा पीठाधीश, अखाड़ों के महामण्डलेश्वरगण, सचिव गण, श्रीमहंतगण एवं हजारों भक्तों की उपस्थिति में हुआ। हरे कृष्ण मूवमेंट और इस्कॉन बंगलौर के अध्यक्ष श्री मधु पंडित दास जी और वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर के अध्यक्ष चंचलापति दास जी के पावन सानिध्य में स्वामी प्रभुपाद को यह सम्मान प्रदान किया गया। धन्यवाद प्रस्ताव भरतर्षभ दास ने की।

अखाड़ा परिषद ने इस अवसर पर एक बयान जारी करते हुए कहा, "हम सभी अत्यंत हर्ष एवं प्रसन्नता की अनुभूति कर रहे हैं कि परमपूज्य पाद श्रील प्रभुपाद जी को 'विश्व गुरु' की उपाधि दी गई। उनका योगदान सनातन धर्म के प्रसार में अद्वितीय है, और उनकी शिक्षाओं से लाखों लोगों का जीवन बदल चुका है।" इस पावन अवसर पर श्री पंचायती निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी जी महाराज ने कहा कि पावन त्रिवेणी के संगम तट पर चल रहे विशाल, भव्य स्वच्छ और दिव्य महाकुंभ के पावन पर्व पर हमें आज उस महापुरुष के सानिध्य में बैठने का अवसर मिला। "यह उपाधि 1968 के कुछ दिनों बाद ही मिल जाना चाहिए था, लेकिन आज इस त्रिवेणी के पावन तट पर हम सभी को इस शुभ कार्य करने का श्रेय मिलना था।" अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविन्द्र पुरी जी महाराज ने कहा कि श्रील प्रभुपाद महाराज जी के लिए यह विश्व गुरु की यह पदवी, सूर्य को दीया दिखाने के बराबर है। श्रील प्रभुपाद महाराज ने श्रीमद्भगवद्गीता और श्रीमद्भागवतम पर शानदार कार्य किया। आवाहन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 अनंत श्री विभूषित अवधूत बाबा अरुण गिरी जी महाराज ने कहा कि लोग मुझे अवधूत कहते हैं लेकिन मैं स्वामी श्रील प्रभुपाद महाराज जी को अद्भुत कहता हूं। इस पावन अवसर पर स्वामी प्रभुपाद के अनुयायी दो-दो वृक्ष लगाने का संकल्प लें, तभी राधा रानी की प्राप्ति होगी। वैश्विक हरे कृष्ण आंदोलन के चेयरमैन और संरक्षक, अक्षय पात्र फाउंडेशन के संस्थापक और चेयरमैन, वृंदावन चंद्रोदय मंदिर के चेयरमैन और इस्कॉन बैंगलोर के अध्यक्ष श्री मधु पं. दास ने इस्कॉन और हरे कृष्ण आंदोलन के सभी अनुयायी की ओर से आचार्य श्रील प्रभुपाद को विश्वगुरु से अलंकृत कर सम्मानित करने का निश्चय करने के लिए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रति अपनी कृज्ञता व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरी का मुझपर विशेष प्रेम है, तभी यह सब संभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि श्रील प्रभुपाद ने संपूर्ण विश्व में सनातन धर्म को प्रसार कर ने के लिये बहुत सारे तपस्या की है।

**श्रील प्रभुपाद एक छोटा परिचय**

त्रिदंडी संन्यासी और गोस्वामी श्री श्रीमद ए. सी. भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद ब्रह्म-मध्व -गौड़ीय वैष्णव परम्परा के 32वें आचार्य हैं, जिन्होंने 70 वर्ष की आयु में श्री चैतन्य महाप्रभु और वृंदावन के 6 गोस्वामी की शिक्षाओं और हरि नाम संकीर्तन की महिमा को सफलतापूर्वक दुनिया भर में फैलाया और हजारों लोगों ने अपने जीवन को बदलकर सनातन धर्म के दर्शन और संस्कृति को अपनाया। श्रीमद्भगवद्गीता और श्रीमद्भागवतम पर उनके लेखन को दुनिया भर में 80 से अधिक भाषाओं में लाखों लोगों में वितरित किया गया है, और आज भी दुनिया भर में लाखों लोगों को सनातन धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है।

# एआई के क्षेत्र में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा भारत-ग्लोबल टेक लीडर्स

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उद्योगों और ग्लोबल टेक्नोलॉजी लैंडस्केप को फिर से परिभाषित कर रहा है। साथ ही भारत इस क्रांति में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है। यह बयान पेरिस में चल रही एआई एक्शन समिट में ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर्स द्वारा दिए गए। एआई एक्शन समिट का तीसरा संस्करण एआई गवर्नेंस को लेकर वैश्विक संवादों की सीरीज में लेटेस्ट है और इसकी सह-अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई है।दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों के शीर्ष अधिकारी एआई क्षेत्र में भारत की बढ़ती हुई क्षमता से अवगत हैं।

### भारत है एआई का एक बड़ा बाजार

**ओपन** एआई के सीईओ, सैम ऑल्टमैन ने कहा, "भारत एआई का एक बड़ा बाजार है। साथ ही हमारी कंपनी के लिए दूसरी सबसे बड़ी मार्केट है। बीते एक वर्ष में यहां हमारे यूजर्स की संख्या तीन गुना बढ़ी है।" उन्होंने आगे कहा, "भारत के लोग स्टैक, चिप, मॉडल और कई असाधारण एप्लीकेशन बना रहे हैं। एआई क्रांति में भारत को एक लीडर के रूप में उभरना चाहिए।"

### एआई के क्षेत्र में भारत में फ्रंट से नेतृत्व करने की क्षमता

**गूगल** के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि एआई के क्षेत्र में भारत में फ्रंट से नेतृत्व करने की क्षमता है। ग्लोबल टेक लीडर्स ने बताया कि अच्छा टैलेंट पूल और एआई टेक्नोलॉजी को तेजी से अपनाने के कारण भारत एआई इनोवेशन, विकास और उसे लागू करने में तेजी से आगे बढ़ने को तैयार है।

माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला ने कहा, "भारत इंडिक भाषाओं के क्षेत्र में और एआई का उपयोग करके अपने उद्योगों में बदलाव ला सकता है।" साथ ही कहा, "देश में एआई के क्षेत्र में बड़ा काम करने के लिए गणित प्रतिभा, शैक्षणिक संस्थान और अनुसंधान संस्थान हैं।"

### 50% से अधिक भारतीयों ने एआई-संबंधित स्किल में सक्रिय रूप से स्व-शिक्षा प्राप्त की है

**एनवीडिया** के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने भारत से "अपनी खुद की एआई का निर्माण करने" का आग्रह किया। हुआंग ने कहा कि देश में अगली पीढ़ी "एआई डिलीवरी के लिए बैक-ऑफिस होगी।" आईबीएम के सीईओ अरविंद कृष्णा के अनुसार, "भारत में विशाल जनसंख्या और डेटा वेल्थ एआई परिदृश्य में एक अद्वितीय लाभ बनाने में मदद करेगी।"बॉश टेक कंपास सर्वे 2025 के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक भारतीयों ने एआई-संबंधित स्किल में सक्रिय रूप से स्व-शिक्षा प्राप्त की है।

### भारत की एआई अपनाने की दर विश्व स्तर पर सबसे अधिक

**एमेरिटस** ग्लोबल वर्कप्लेस स्किल्स स्टडी 2025 के मुताबिक, भारत की एआई अपनाने की दर विश्व स्तर पर सबसे अधिक है, पेशेवर करियर की सफलता के लिए एआई स्किल को प्राथमिकता दे रहे हैं। लगभग 94 प्रतिशत भारतीय पेशेवरों का मानना है कि एआई स्किल में महारत हासिल करने से उनके करियर के विकास में तेजी आएगी। एएमडी की सीईओ लिसा सु ने कहा कि एएमडी के लिए भारत बहुत महत्वपूर्ण है और हमारी उत्पाद लाइन का हर पहलू यहां भारत में हमारे डिजाइन सेंटर से होकर गुजरता है। सु ने आगे कहा कि भारत को एक आवश्यक विकास केंद्र माना जाता है। अमेरिका के बाद एएमडी की सबसे बड़ी अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) सुविधा बेंगलुरु में है।

# एस जयशंकर ने फ्रांस के विदेश मंत्री से की मुलाकात, एआई और इनोवेशन पर की चर्चा

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को पेरिस में अपने फ्रांसीसी समकक्ष जीन-नोएल बैरोट से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इनोवेशन, कनेक्टिविटी और स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की।

### क्षेत्रीय और वैश्विक विकास के बारे में भी चर्चा हुई

**जयशंकर** ने बैठक का ब्योरा शेयर करते हुए कहा, "आज शाम पेरिस में विदेश मंत्री जीन-नोएल बरोट से मिलकर खुशी हुई। एआई और इनोवेशन, कनेक्टिविटी और स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमारे व्यापक सहयोग पर चर्चा हुई। क्षेत्रीय और वैश्विक विकास के बारे में बात हुईं।"

### एआई है हमारी रणनीतिक साझेदारी का नया क्षेत्र

**फांसीसी** विदेश मंत्री ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया, 'भारत के साथ, एआई हमारी रणनीतिक साझेदारी का नया क्षेत्र है। 2026 में, हम मिलकर इनोवेशन का एक फ्रेंको-भारतीय वर्ष लिखेंगे!' यह बैठक पेरिस में एआई शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत रात्रिभोज के दौरान हुई।

### फ्रांस के बाद पीएम मोदी संयुक्त राज्य अमेरिका जाएंगे

**प्रधानमंत्री** मोदी अपने दो देशों के दौरे के पहले चरण के तहत सोमवार को फ्रांस पहुंचे। फ्रांस के बाद पीएम मोदी संयुक्त राज्य अमेरिका जाएंगे। अपनी तीन दिवसीय यात्रा के दौरान, वे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे, द्विपक्षीय चर्चा करेंगे और व्यापार जगत के नेताओं को संबोधित करेंगे। पेरिस पहुंचने पर, उनका भारतीय प्रवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

### रात्रिभोज में राष्ट्रपति मैक्रों ने मोदी का किया स्वागत

**शाम** को, पेरिस के एलीसी पैलेस में रात्रिभोज में राष्ट्रपति मैक्रों ने प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया, जहां दोनों नेताओं ने एक-दूसरे से मित्रतापूर्ण तरीके से गले मिलकर अभिवादन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "पेरिस में अपने मित्र राष्ट्रपति मैक्रों से मिलकर बहुत खुशी हुई।"रात्रिभोज के दौरान प्रधानमंत्री ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वांस से भी मुलाकात की, जो एआई शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस में हैं।



# काले सोने ने ओढी सफेद फूलों की चादर, डोडे लुराई चिराई के लिये तैयार

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** विश्वभर में अफीम उत्पादन के लिए विख्यात चित्तौडग़ढ़ जिले और निकटवर्ती मध्यप्रदेश के खेतों में खड़ी काले सोने के नाम से मशहूर अफीम की फसल पर इन दिनों सफेद फूलों की चादर चढ़ी हुई है। अफीम के फूलों की खुबसूरती के साथ ही इसकी महक जहां आम राहगीर का ध्यान भी अपनी ओर खींच रही है, वहीं तस्करों और चोरों की आखों में भी काले सोने की फसल खटकने लगी है। जिनसे बचाने के लिए किसानों को दिन रात समूह के रुप में चौकीदारी करनी पड़ रही है। हालात यह है कि कहीं कहीं किसानो को हथियार लेकर अपनी गाढ़े पसीने से सींची गई फसल को बचाना पड़ रहा है। अपने अपने खेतों में परिवार के साथ किसान पिछले करीब दो माह से डेरा डाले किसानों को कहना है कि इन दिनों फसल में डोडे और फूल आ गए हैं। इन फूलों के झड़ने के बाद डोडे बढ़ते हुए दिखाई देने लगेंगें। किसानों का कहना है कि अफीम की खेती करना तो कठिन होता ही है, लेकिन इस फसल को चोरों और तस्करों से बचाना इससे कठिन काम है, जिसके चलते अपनी लगातार बढ़ती फसल को देखकर जहां किसान प्रसन्न होते हैं, वहीं इस फसल को नारकोटिक्स विभाग तक पहुंचने तक उन्हे इसकी सुरक्षा की चिंता भी लगी रहती है। किसानों द्वारा पक्षियों से रक्षा के लिए खेतों पर मजबूत नायलोन की जाली लगाई जाती है और पशुओं से सुरक्षा के लिए खेत के चारों ओर बाड़ या दीवार बनाई जाती है। इसके साथ ही चोरों से बचाव के लिए किसानों को खेतों पर समूह के रुप में हथियार लेकर पहरा देना पड़ रहा है, जिससे अफीम के डोडो को चोरी से बचाया जा सके। अफीम की खेती को राजस्थान और मध्यप्रदेश में किसानों के लिए प्रतिष्ठा की बात माना जाता है। इसे समाज में सम्मान की दृष्टि से भी देखा जाता है, लेकिन अफीम की खेती जहां एक ओर किसानों के लिए लाभदायक मानी जाती है, वहीं अफीम व डोडाचूरा तस्करी के लिए भी जाने जाते हैं। पुलिस और नारकोटिक्स विभाग की कड़ी निगरानी के बावजूद मादक पदार्थ तस्कर लगातार अपना काम कर रहे हैं। अकेले चित्तौडग़ढ़ जिले में ही पुलिस द्वारा गत वर्ष बड़ी मात्रा में अफीम और हजारों किलो डोडाचूरा तस्करों के कब्जे से जब्त किया है। अफीम फसल के आने की आहट के साथ ही क्षेत्र में तस्कर और उनके गुर्गे सक्रिय होकर माल एकत्रित करने के प्रयास में लग जाते हैं। पुलिस कार्यवाही में जब्त मादक पदार्थ से अधिक अफीम और डोडाचूरा तस्करी कर पंजाब, जोधपुर क्षेत्रों में पहुंचाया जाता है।

# सांचौर जिला रद्द करने का 45 दिन से विरोधः बोले- 250 किमी दूर के गांवों को होगी परेशानी, याचिका दायर

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**सांचौर।** राजस्थान के सांचौर में जिला रद्द करने के विरोध में स्थानीय नागरिकों का धरना 45 दिन से जारी है। मंगलवार को पमाणा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने सांचौर एडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पूर्व राज्यमंत्री सुखराम बिश्नोई ने बताया कि सांचौर का जालोर से 145 किलोमीटर की दूरी पर स्थित होना और अंतिम गांव आकोड़िया रणखार की 250 किलोमीटर की दूरी लोगों के लिए परेशानी का सबब बन सकती है।सांचौर जिला बचाओ संघर्ष समिति के नेतृत्व में चल रहे धरने में नेताओं ने कहा कि सरकार ने बिना कोई स्पष्ट कारण बताए जिले को रद्द कर दिया। जिला बनने से स्थानीय लोगों को सरकारी कामकाज में सुविधा हो रही थी और आर्थिक बोझ भी कम हुआ था। प्रदर्शनकारियों ने इस मामले में कोर्ट में याचिका दायर की है।किशनलाल गोदारा ने आरोप लगाया कि सरकार सांचौर की जनता के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने कहा कि सांचौर जिला सभी मापदंडों के अनुसार बना था और इन्हीं मापदंडों पर अन्य जिले भी बनाए गए हैं। सरकार ने पहले एडीएम कार्यालय बंद किया और फिर दोबारा खोल दिया, जो सरकार की अनिश्चितता को दर्शाता है।धरने में सांचोर बार के प्रतिनिधि, पूर्व सरपंच,अधिवक्ता और सैकड़ों स्थानीय नागरिक शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक सांचौर को फिर से जिला घोषित नहीं किया जाता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

### रोटरी क्लब 51 महिलाओं को करेगी सम्मानित

**उदयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान के उदयपुर में रोटरी क्लब तीन मार्च को दृष्टि महिला दिवस के उपलक्ष में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली चुनिन्दा 51 महिलाओं को सम्मानित करेगी।

# राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**उदयपुर।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की परियोजना मेवाड़ क्षेत्र की परंपरागत फसलों के प्रसंस्करणों का उत्कृष्टता केंद्र के तहत कृषि विज्ञान केंद्र, प्रतापगढ़ के देवगढ़ गाँव में दो दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय ष्मिलेट प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धनष्तथा ष्हल्दी एवं अदरक प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धनष् रहा, जिसका उद्देश्य किसानों और महिलाओं को प्रसंस्करण तकनीकों से परिचित कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। कार्यक्रम में कुल 65 ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. अरविंद वर्मा ने इस प्रशिक्षण को किसानों और महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर को उत्पन्न करने वाला बताया। वहीं, परियोजना की प्रमुख अन्वेषक डॉ. कमला महाजनी ने बताया कि मिलेट, अदरक और हल्दी प्रसंस्करण की दी गई जानकारी से महिलाओ में स्वयं का रोजगार शुरू करने की प्रेरणा मिलेगी, जिससे वे अपने लघु उद्योग स्थापित कर सकेंगी।

प्रशिक्षण के पहले दिन यंत्र चालक सुश्री चित्राक्षी कछवाहा ने मिलेट और मसाला प्रसंस्करण मशीनों के उपयोग और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही डॉ. पायल तलेसरा और सुश्री योगिता पालीवाल ने रागी और बाजरा से चॉकलेट बनाने की तकनीकों को बनाकर सिखाया। दूसरे दिन सुश्री योगिता पालीवाल ने अदरक कैंडी, मुरब्बा, सांवे के गाठीये बनाने का प्रशिक्षण दिया, और डॉ. पायल तलेसरा ने विपणन, पैकेजिंग और लेबलिंग पर प्रकाश डाला।

## पर्यटन भवन में बैठक आयोजित

# IIFA 25 पुरस्कार समारोह से राजस्थान के पर्यटन,कला एवं संस्कृति की वैश्विक स्तर पर होगी ब्रांडिंग-जैन

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net



**जयपुर।** शासन सचिव पर्यटन विभाग रवि जैन की अध्यक्षता में मंगलवार को पर्यटन भवन में बैठक आयोजित कर 8 और 9 मार्च 2025 को जयपुर के जेईसीसी में आयोजित होने वाले 25वें अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी महोत्सव एवं पुरस्कार समारोह के सुचारू आयोजन के लिए विभिन्न विभागों से अपेक्षित भूमिका, जिम्मेदारी और तैयारियों के सम्बन्ध में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। शासन सचिव रवि जैन ने बताया कि IIFA 25 पुरस्कार समारोह से राजस्थान पर्यटन को विश्व में पहचान मिलेगी। IIFA 25 का आयोजन राजस्थान पर्यटन विभाग के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह राजस्थान के अद्भुत पर्यटन, अनूठी कला एवं संस्कृति की वैश्विक स्तर पर भव्य ब्रांडिंग होने का अवसर है।

शासन सचिव ने बताया कि इससे पूर्व भी राजस्थान में जी 20, राईजिंग राजस्थान जैसे बड़े कार्यक्रम शानदार तरीके से आयोजित हो चुके हैं। इसी तर्ज पर हम इस आयोजन को राजस्थान की पर्यटन ब्रांडिंग के अवसर के रूप में लेते हुए इसके लिए सभी तरह की चाक चौबंद व्यवस्थाएं कर रहें हैं। इसके लिए प्रशासन, पुलिस, जेडीए, निगम, रीको और जेईसीसी तथा अन्य सम्बंधित विभागों से चर्चा कर निर्देशित किया गया है।

रवि जैन ने बताया कि IIFA 25 के इस अवसर पर शहर को भव्य रूप से सजाया जाएगा। सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही शानदार सजावट भी की जाएगी। आयोजन के दौरान यातायात सहित पार्किंग की बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। इसके साथ ही 15 हजार मेहमानों के आगमन की संभावना को देखते हुए क्राउड मैनेजमेन्ट सहित बेहतर सुरक्षा के प्रबंधन और अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए सम्बंधित विभागों और अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के पार

## माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि पर बन सकता है नया रिकॉर्ड

◆ जागरूक जनता नेटवर्क
www.jagrukjanta.net

**प्रयागराज।** मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का अ अब उस शिखर पर पहुंच गया है, जिसकी महाकुंभ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुंभ का आयोजन हो रहा है, वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। उनका यह आंकलन महाकुंभ के समापन से 15 दिन पहले ही सच साबित हो गया। मंगलवार की सुबह 8 बजे ही महाकुंभ में 45 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार हो गई। मंगलवार को सुबह 8 बजे तक करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई, जिसके साथ ही महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ पार हो गई। अभी महाकुंभ को 15 दिन और दो महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष हैं। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50-55 करोड़ के ऊपर जा सकती है।

### अमृत स्नान 12 फरवरी को

आध्यात्मिक महत्व, भव्य अनुष्ठानों और अत्याधुनिक तकनीकी हस्तक्षेपों के मिश्रण के साथ, इस कुंभ मेले ने भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और डिजिटल सुविधा में नए मानक स्थापित किए हैं। आगंतुकों की संख्या 45 करोड़ से अधिक होने के साथ, भीड़ प्रबंधन एक प्रमुख फोकस रहा है। अगला अमृत स्नान 12 फरवरी, 2025 को माघ पूर्णिमा स्नान है।

### 11 फरवरी की सुबह से मेला क्षेत्र को 'नो व्हीकल जोन' घोषित

माघ पूर्णिमा स्नान के दौरान सुचारू भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने 11 फरवरी, 2025 की सुबह से मेला क्षेत्र को 'नो व्हीकल जोन' के रूप में नामित किया है, जिसमें केवल आवश्यक और आपातकालीन सेवाओं की अनुमति है।

### भारतीय रेलवे भी पूरी क्षमता से काम कर रहा है

महाकुंभ 2025 की भीड़ को प्रबंधित करने के लिए भारतीय रेलवे भी पूरी क्षमता से काम कर रहा है। 9 फरवरी को लगभग 330 ट्रेनों ने 12.5 लाख तीर्थयात्रियों को पहुंचाया, 10 फरवरी को दोपहर 3 बजे तक 130 और ट्रेनें रवाना हुईं।

### अधिकारियों और केंद्रीय मंत्रियों ने अमृत स्नान की तैयारियों की समीक्षा की

अधिकारियों और केंद्रीय मंत्री द्वारा आगामी 12 फरवरी 2025 को होने वाले अमृत स्नान की तैयारियों की समीक्षा की गई। प्रयागराज जंक्शन सहित सभी आठ स्टेशन पूरी तरह से चालू हैं, जबकि भीड़ प्रबंधन के लिए प्रमुख स्नान तिथियों के आसपास प्रयागराज संगम स्टेशन अस्थायी रूप से बंद है। राज्य सरकार ने विभिन्न एजेंसियों के सहयोग से एक बहुस्तरीय सुरक्षा और निगरानी प्रणाली लागू की है। एआई-संचालित सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन निगरानी और वास्तविक समय विश्लेषण के नेटवर्क ने निर्दिष्ट क्षेत्रों में तीर्थयात्रियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की है। प्रशासन ने भीड़भाड़ को कम करने के लिए स्नान घाटों तक पहुंच को सुव्यवस्थित करने के लिए एक डिजिटल टोकन प्रणाली भी शुरू की। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि कुंभ एक समावेशी आध्यात्मिक अनुभव बना रहे।

### श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं

वहीं दूसरी ओर प्रयागराज में तीनों अमृत स्नान (मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी) के बाद भी श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से पवित्र त्रिवेणी में श्रद्धा और आस्था के साथ डुबकी लगाकर पुण्य प्राप्त करने के लिए श्रद्धालु प्रतिदिन लाखों, करोड़ों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे हैं।

### उत्साह लोगों को संगम तट तक खींचकर ला रहा है

बसंत पंचमी के अंतिम अमृत स्नान पर्व के बाद भी श्रद्धा का जबरदस्त उत्साह लोगों को संगम तट तक खींचकर ला रहा है। स्नानार्थियों में 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश-विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। यदि अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था, जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ से ज्यादा और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई। इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी। माघ पूर्णिमा से पहले भी प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम तट पर पवित्र स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं, महाशिवरात्रि पर भी लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। महाकुंभ का समापन 26 फरवरी को होना है।